राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ तापसी पन्नू का ग्लैमर पर तीखा तंज, बोलीं...



उत्तर प्रदेश में नौ साल से दंगा... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 26 फरवरी 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 355, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## ▶▶ न्यूज डायरी

### अकाली और कांग्रेस सरकारों ने पंजाब के बच्चों को जानबूझकर अनपढ़ रखा : भगवंत मान

**मानसा (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि अकाली और कांग्रेस के दशकों के शासन ने जानबूझकर पंजाब के बच्चों को अनपढ़ रखा, जबकि राजनीतिक परिवार फलते-फूलते रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन पार्टियों को कभी भी लोगों की तरक्की की



चिंता नहीं थी, बल्कि सिर्फ अपनी बेटियों-बेटों और रिश्तेदारों के लिए सत्ता हासिल करने की चिंता थी। सरदूलगढ़ में सरकारी आई.टी.आई., जो हर साल 240 विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाएगी, का नींव पत्थर रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अब चुनाव सपना पूरा करने के लिए दूसरी पार्टियों के दलबदलुओं पर निर्भर कर रही है लेकिन पंजाब ने अलग रास्ता चुना है। पंजाब सरकार द्वारा सरकारी खजाने का एक-एक पैसा ईमानदारी से लोगों की भलाई और तरक्की पर खर्च करने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ऐलान किया कि 'आपइ सरकार, पंजाब विकास के लिए नए इंजन पर चल रही है, जबकि भाजपा, अकाली दल और कांग्रेस के इंजन पुराने हो चुके हैं और सूबे को आगे बढ़ाने के सक्षम नहीं हैं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, अकाली दल खुद एक डायनासोर है, जिसने राज्य और इसके लोगों की कमाई को हड़प लिया। जहां 'आपइ सरकार पंजाबी नौजवानों को डॉक्टर और इंजीनियर बनाकर भविष्य के लिए तैयार करने के लिए सख्त प्रयास कर रही है, वहीं अकाली दल राज्य के नौजवानों को डायनासोर युग में वापस खींचने पर तुला हुआ है।

### गुजरात पुलिस ने सोमनाथ ट्रस्ट की फर्जी बुकिंग स्कैम में राजस्थान के 6 छात्र गिरफ्तार

**गांधीनगर।** राजस्थान के 6 कॉलेज छात्रों को साइबर फ्रॉड नेटवर्क चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ये लोग श्री सोमनाथ ट्रस्ट के गेस्ट हाउस में रहने की जगह ढूंढने वाले तीर्थयात्रियों को टारगेट करते थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टेट साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने यह कार्रवाई तब की जब तीर्थयात्रियों से कई शिकायतें मिलीं। तीर्थयात्रियों ने दावा किया कि उन्होंने सोमनाथ में सागर दर्शन गेस्ट हाउस, माहेश्वरी गेस्ट हाउस और लीलावती गेस्ट हाउस में कमरे बुक किए थे, लेकिन ट्रस्ट के सिस्टम में उनके रिजर्वेशन का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। ट्रस्ट



सिर्फ अपनी ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए बुकिंग की इजाजत देता है और उसने किसी भी थर्ड-पार्टी प्लेटफॉर्म को ऑथराइज नहीं किया है। टेक्निकल जांच के दौरान, अधिकारियों ने ऑफिशियल सोमनाथ बुकिंग पोर्टल जैसी दिखने वाली चार नकली वेबसाइट की पहचान की। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों ने गेस्ट हाउस की असली वेबसाइट के लेआउट, लोगो और तस्वीरों की नकल की थी और उन्हें असली दिखाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल करके उनमें बदलाव किया था। नकली साइटों पर आरोपियों द्वारा चलाए जा रहे मोबाइल नंबर दिखाए गए थे और यूजर्स को क्यूआर कोड, यूपीआई और बैंक ट्रांसफर के जरिए एडवांस पेमेंट करने के लिए कहा गया था। कई मामलों में ऑनलाइन पूजा या डोनेशन के लिंक पर क्लिक करने के बाद पीड़ितों को रीडायरेक्ट भी किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने नकली वेबसाइट को गूगल सर्च रिजल्ट में खास तौर पर दिखाने के लिए पेड ऑनलाइन प्रमोशन का इस्तेमाल किया। उन्होंने कथित तौर पर पीड़ितों को कॉल और सर्विस के ओरिजिन के बारे में गुमराह करने के लिए लोकेशन बदलने वाले एप्लिकेशन का भी इस्तेमाल किया। पेमेंट मिलने के बाद, ग्रुप ने शिकायत करने वालों को एआई से बनी बुकिंग रसीदें भेजीं। पीड़ितों को गेस्ट हाउस पहुंचने पर ही धोखाधड़ी का पता चला।

# पोखरण में अग्नि वर्षा : भारतीय सेना ने मरुस्थल में दिखाया समेकित युद्ध क्षमता का दम

**जोधपुर/पोखरण (आरएनएस)।** भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास अग्नि वर्षा का सफल आयोजन किया। थार के रेगिस्तान में आयोजित इस युद्धाभ्यास ने न

**25 देशों के रक्षा विशेषज्ञ बने गवाह**

केवल सेना की परिचालन तत्परता को साबित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि आधुनिक तकनीक के समावेशन से भारतीय सेना कितनी अधिक नेटवर्क-सक्षम और निर्णायक हो चुकी है।

**युद्धक्षेत्र की नई तकनीक का प्रदर्शन**

अभ्यास अग्नि वर्षा केवल शक्ति प्रदर्शन




नहीं था, बल्कि इसमें भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया गया।

**नेटवर्क-सक्षम प्रणालियाँः** कमांड और कंट्रोल के लिए अत्याधुनिक नेटवर्क प्रणालियों का उपयोग किया गया।

ड्रोन और काउंटर-ड्रोनः मानवरहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन हमलों को नाकाम करने वाले काउंटर-ड्रोन उपायों का सजीव प्रदर्शन।

**सटीक मारक क्षमताः** लंबी दूरी के सटीक रॉकेट और आधुनिक तोपखाना प्लेटफॉर्म ने अपनी मारक क्षमता का लोहा मनवाया।

प्रमुख हथियार प्रणालियाँ और मारक क्षमताइस समेकित मैन्युवर अभ्यास में जमीन से लेकर आसमान तक भारतीय सेना के सबसे घातक हथियारों का समन्वय देखा गयाः

**कवचित शक्तिः** टी-90 (90) मुख्य युद्धक टैंक और इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स। तोपखाना : के-9 वज्र स्व-चालित होवित्जर, शारंग, बोफोर्स और विभिन्न रॉकेट प्लेटफॉर्म।

## अनुराग ठाकुर ने बताया राहुल का मतलब, कांग्रेस सांसद पर देश की छवि धूमिल करने का आरोप

**कांगड़ा (आरएनएस)।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि



राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन चुके हैं। कांगड़ा में मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा सांसद ने कांग्रेस नेता पर कई गंभीर आरोप लगाए। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। वह भारत विरोधी एजेंडा चलाते हैं, नेगेटिव पॉलिटिक्स को बढ़ावा देते हैं और अराजकता फैलाने का प्रयास करते हैं। अब उनका एकमात्र काम झूठ बोलना, कन्फ्यूजन पैदा करना, भारत को बदनाम करना और मोदी विरोधी पॉलिटिक्स करना है। जब भारत की इकॉनमी सबसे तेजी से बढ़ रही है, तो वह इसे डेड इकॉनमी कहते हैं। उन्हें भारत की तरक्की पसंद नहीं है। भाजपा सांसद ने कहा कि पूरी दुनिया ने एआई समिट की तारीफ की, वहां राहुल गांधी के इशारे पर उनके कार्यकर्ता शर्टलेस प्रोटेस्ट कर देश की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। क्या राहुल गांधी की राजनीति विदेशों से तय हो रही है।

# कश्मीरी गेट में कार पर गोलीबारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में देर रात करीब 10:10 बजे एक कार पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे, और गोलीबारी के बाद हमलावर फरार हो गए। घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर

**खुद को लॉरेंस बिश्नोई लीगल टीम का सदस्य बताने वाला एक व्यक्ति घायल**

बताई जा रही है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी नॉर्थ राजा बंथिया ने घटनास्थल पर पत्रकारों से बातचीत में बताया, हमें रात करीब 10:10 बजे सूचना मिली कि कश्मीरी गेट के पास एक कार पर फायरिंग हुई है। मौके पर पहुंचकर हमने पाया कि गाड़ी पर चार से पांच राउंड फायरिंग की गई है। एक व्यक्ति घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारी टीम तुरंत सक्रिय हुई और जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी बंथिया ने कहा, हम जांच के हर पहलू पर काम कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य



तकनीकी सबूतों के आधार पर जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की जाएगी। दिल्ली में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल व्यक्ति खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम का सदस्य बता रहा है। हालांकि, यह उनका अपना दावा है, और पुलिस इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं कर पाई है। घटना के समय गाड़ी में मौजूद अन्य चार लोग सुरक्षित हैं।

पुलिस ने बताया कि हमले का मकसद अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह पुरानी रंजिश या गैंगवार से जुड़ा हो सकता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर ली है। फॉरेंसिक टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। गोलीबारी वाली जगह पर खोखे कारतूस बरामद हुए हैं, जिनकी जांच से हथियार का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का विधानसभा घेराव, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप


**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** कांग्रेस विधायक आज बीजेपी सरकार के खिलाफ मोर्चा निकालते हुए विधानसभा पहुंचे। सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा



के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव किया। हाईकोर्ट चौक से विधानसभा तक निकाले गए इस रोष प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायकों ने एक हाथ में विभिन्न समस्याओं पर लिखी तख्तियां और दूसरे हाथ में झुनझुना लेकर नारेबाजी की। इस प्रतीकात्मक विरोध के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि हरियाणा की जनता तमाम गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, जबकि बीजेपी सरकार केवल झूठे वादों और खोखले दावों का झुंझना बजाने में व्यस्त है। कांग्रेस विधायकों ने सरकार से इन सभी मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज होगा। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक हर मंच पर उठाएगी। बीजेपी जितना अपनी जिम्मेदारी से भागेगी, कांग्रेस उतने पुरजोर तरीके से जनता की पैरवी करेगी। आखिकार सरकार को जवाबदेह बनना ही पड़ेगा।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली में मिले जयराम ठाकुर

**शिमला/दिल्ली (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त



मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा प्रदेश के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न वित्तीय विषयों को उनके समक्ष रखा। जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को निरंतर दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमाचल प्रदेश के संतुलित एवं सतत विकास के लिए केंद्र का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेश की वित्तीय सुदृढ़ता, आधारभूत संरचना के विकास, आपदा राहत तथा विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों का पूर्ण ध्यान रखेगी और प्रदेश को आवश्यक सहयोग हमेशा की तरह प्रदान करती रहेगी।

## दो दिन के आधिकारिक दौरे पर जापान पहुंचे सीएम योगी, टोक्यो में जोरदार स्वागत

**टोक्यो/लखनऊ (आरएनएस)।** सिंगापुर दौरे के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जापान पहुंचे, जहां टोक्यो में उनका भव्य स्वागत किया गया। उपराज्यपाल जुनिची इशिदेरा और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने सीएम योगी का अभिनंदन किया। दो देशों की यात्रा के अंतर्गत यह यात्रा मुख्यमंत्री

**● सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी कि उगते सूरज की नवोन्मेषी भूमि को प्रभु श्री राम की पावन धरा के आदित्य का नमस्कार**

की जापान की पहली यात्रा है, जो भारत और जापान के बीच बढ़ते रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को दशार्ती एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीएम योगी का दो दिन का ये आधिकारिक दौरा है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी कि उगते सूरज की नवोन्मेषी भूमि को प्रभु श्री राम की पावन धरा के आदित्य का नमस्कार। एक और पोस्ट में सीएम ने कहा कि आज टोक्यो में मित्सुई एंड कंपनी के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बिजनेस यूनिट के प्रबंध अधिकारी और मुख्य परिचालन अधिकारी काजुकी शिमिजु और उनकी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक



सार्थक और दूरदर्शी बैठक हुई। उन्होंने आगे कहा कि हमने मित्सुई एंड कंपनी को उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर क्षेत्रों में परिवर्तनकारी निवेश के लिए आमंत्रित किया, जो राज्य के तीव्र औद्योगिक विस्तार के अनुरूप हैं। उत्तर प्रदेश के विकास गलियारों को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और औद्योगिक निवेश में सहयोग पर भी चर्चा हुई।

सीएम योगी ने एक और एक्स पोस्ट में कहा कि आज टोक्यो में कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंध कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी महाप्रबंधक, बिक्री प्रबंधन प्रभाग/घरेलू व्यवसाय प्रभारी शिगेकी तानाबे और उनकी टीम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग और मल्टीमॉडल परिवहन अवसंरचना के माध्यम से कोनोइके की उपस्थिति बढ़ाने पर चर्चा की गई। कंपनी को समर्पित माल ढुलाई कॉरिडोर नेटवर्क और येइडा स्थित मेडिकल डिवाइसेस पार्क का लाभ उठाते हुए चिकित्सा उपकरण निर्माण के क्षेत्र में अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया गया, जिससे भारत-जापान औद्योगिक सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

**इनाम घोषित** | मेरठ परिक्षेत्र के जिलों में हत्या,लूट,डकैती, गैंगस्टर में हैं वांछित

# डीआईजी ने 13 वांछित अपराधियों पर किया 50-50 हजार का इनाम घोषित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,मेरठ।** बुधवार को डीआईजी मेरठ रेंज ने परिक्षेत्र के विभिन्न जनपदों में डकैती,लूट,गैंगस्टर व हत्या के अभियोगों में वांछित व फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए कुल 13 अभियुक्तों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया है। जनमानस से अपील की है,कि उपरोक्त अभियुक्तों की सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने बताया जनपद मेरठ से 06,बुलन्दशहर से 01,बागपत से 01 तथा हापुड़ से 05 अभियुक्त सम्मिलित हैं। संबंधित जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीमों का गठन कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा संभावित ठिकानों पर दबिश/सर्विलांस की कार्यवाही शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि जनपद हापुड़ से 1.रोहित पुत्र विजयपाल निवासी मौहल्ला विकास नगर थाना खुर्जा नगर,जनपद

**इनामी अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के दिये निर्देश जनता से अपील, अभियुक्तों की सूचना देने पर उनका नाम गोपनीय रखा जायेगा**

बुलन्दशहर डकैती में वांछित 2- जीशान पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला मीरा की रेती कुरैशियान कस्बा व थाना गढमुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ - दहेज हत्या में वांछित,3.इस्तेकार उर्फ इस्तकार पुत्र काबली खां निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा व मौलाना आजाद कालोनी बेहटा हाजिपुर थाना लोनी बार्डर जनपद गाजियाबाद डकैती में वांछित,4.नईम पुत्र मोबीन निवासी आवास विकास कॉलोनी बुलन्दशहर रोड़



थाना हापुड़ देहात, जनपद हापुड़, हाल पता-कोटला मेवातियान थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ व एफ-17/2 टॉफ फ्लोर जोगरा भाई एक्सटेंशन जामियानगर, दिल्ली व ई-113 नई बस्ती ओखला दक्षिण-पूर्व दिल्ली गैंगस्टर में वांछित व बल्लू पुत्र छत्तर निवासी कस्बा व थाना गढ जनपद हापड़ गैंगस्टर में वांछित चल रहा है। जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए अभियुक्तों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी द्वारा जनमानस से अपील की गई है कि उपरोक्त इनामी अभियुक्तों के संबंध में कोई भी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल निकटतम थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को अवगत कराएं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# रमजान के चार दिन बाद भी फलों के दाम ऊंचे, खजूर से तरबूज तक महंगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** रमजान शुरू हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन फलों के दामों में आई तेजी थमने का नाम नहीं ले रही है। इफ्तार में उपयोग होने वाले खजूर, तरबूज, पपीता, केला, अंगूर और सेब की मांग लगातार बनी हुई है, जिससे खुदरा बाजार में कीमतें ऊंची बनी हुई हैं।
खुदरा विक्रेताओं के अनुसार पपीता 40 रुपये प्रति किलो, तरबूज 50 रुपये किलो और अंगूर 80 रुपये किलो तक बिक रहा है। चीकू 80 रुपये किलो और सेब 120 से 140 रुपये किलो तक पहुंच गया है। केले के दाम भी बढ़कर 70 रुपये दर्जन तक हो गए हैं। अमरूद 120 रुपये किलो तक बिक रहा है।

**इफ्तार की बढ़ती मांग से बाजार में तेजी, उपभोक्ताओं की जेब पर बढ़ा बोझ**

खजूर के दामों में भी बढ़ोतरी बरकरार है। सामान्य खजूर करीब 200 रुपये किलो बिक रहा है, जबकि ईरानी खजूर 90 रुपये किलो, कट्टा खजूर 80 रुपये किलो और कीमिया खजूर 240 रुपये किलो तक बिक रहा है।
मंडी समिति में थोक भाव अपेक्षाकृत कम बताए जा रहे हैं, लेकिन खुदरा बाजार में मांग अधिक होने से उपभोक्ताओं को ऊंचे दाम चुकाने पड़ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि रमजान के चलते फलों की मांग में इजाफा हुआ है, जिसके कारण कीमतों में तेजी बनी हुई है। आने वाले दिनों में आपूर्ति के अनुसार ही दामों में उतार-चढ़ाव तय होगा।

# गुलावठी पुलिस का बड़ा खुलासा: ट्रांसफार्मरों से चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मरों से कॉपर क्वाइल व केबिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 8 लाख रुपये कीमत की कॉपर क्वाइल बरामद की है मिट्टेपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में गिरफ्तारी
आरोपी कॉपर क्वाइल को दिल्ली बेचने की फिराक में थे, लेकिन जैसे ही वे मिट्टेपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में पहुंचे, पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया धार्मिक झंडा लगाकर चलते थे 9 लाख की कार में
गिरोह के सदस्य करीब 9 लाख रुपये कीमत की Toyota Aura (ओरा कार) में चलते थे। पुलिस से बचने और




शक से दूर रहने के लिए कार पर धार्मिक झंडा लगाकर सफर करते थे, ताकि किसी को संदेह न हो 2021 से सक्रिय है गिरोह पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह का सरगना वर्ष 2021 से वेस्ट यूपी के विभिन्न जनपदों में ट्रांसफार्मरों से कॉपर क्वाइल, केबिल व अन्य सामान चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। बाद में उसने दो और साथियों को अपने साथ जोड़ लिया और वारदातों का दायरा बढ़ा दिया।
आसपास के जिलों में भी फैला नेटवर्क गिरोह ने बुलंदशहर सहित आसपास के कई जनपदों में ट्रांसफार्मरों से सामान व केबिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नेशन पब्लिक स्कूल में हुआ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह,आगंतुक अतिथियों ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**औरंगाबाद।** नेशन पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में गणमान्य अतिथियों ने विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को उच्च कोटि की श्रेणी में रखते हुए मुक्त कंठ से सराहना की।
सम्मान समारोह का शुभारंभ चेयरमैन सलमा कुरैशी, थाना प्रभारी रामनरायण सिंह, अधिशासी अधिकारी जहांगीराबाद मणि सैनी द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया। विशिष्ट अतिथि हेमंत गुप्ता और अब्दुल्ला कुरैशी रहे।
प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एडवोकेट एवं प्रधानाचार्या प्रिया अग्रवाल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर बुके भेंट कर शाल ओढ़ाकर भावभीना स्वागत सत्कार किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि गणमान्य अतिथियों का आगमन विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है।
स्कूली बच्चों ने आगंतुक अतिथियों के सम्मान में सरस्वती वंदना कर स्वागत गान किया और अनेक प्रेरणा दायक शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिन्हें सभी ने भरपूर सराहा।
प्रधानाचार्या एवं आगंतुक अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर परिश्रम करने और अपने निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने का आवाहन किया। गणमान्य अतिथियों ने इस अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिंदी और अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता,खेल प्रतियोगिता, बंदनवार प्रतियोगिता, स्वतंत्रता सेनानी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं गणित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा उजागर करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।
कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन विद्यालय के कक्षा छह के दो छात्रों आयुष्मान लोहिया और दिव्यांश बंसल ने किया।
उप प्रधानाचार्य प्रमोद जोशी मोहित शर्मा कन्वेनर लोकेश वर्मा आकाश डांगुर हिमांशी गर्ग रश्मि शर्मा ललिता चौधरी नेहा अंशु गोयल बबीता सिंह आदि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उल्लेखनीय सहयोग किया।

## बेसिक शिक्षा और विद्यालयों में उल्लेखनीय सुधार : सी पी सिंह

# 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' उत्सव: परिषदीय विद्यालयों में निपुणता की ओर बढ़ते कदम

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**डिबाई।** विकास खंड डिबाई के ब्लॉक संसाधन केंद्र (BRC) परिसर में 'शिक्षा के नए आयाम' को समर्पित "हमारा आंगन-हमारे बच्चे" उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जन-समुदाय को निपुण भारत लक्ष्यों और मूलभूत साक्षरता की महत्ता के प्रति जागरूक किया गया।

**मुख्य अतिथि एवं गरिमामयी उपस्थिति**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री चंद्रपाल सिंह लोधी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री उमेश चंद लोधी ने की, जबकि मंच का कुशल संचालन डॉ. सोमेंद्र कुमार द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रेखा देवी के पति श्री अनार सिंह एवं चेयरमैन डिबाई श्री अरुण कुमार सिंघल उपस्थित रहे।
नन्हे सितारों ने बिखेरी अपनी प्रतिभा की छटा, उत्सव का मुख्य आकर्षण परिषदीय विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। बच्चों के आत्मविश्वास और उनकी कलात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

**शिक्षा और संसाधनों में सुधार की सराहना**

संबोधन के दौरान विधायक श्री चंद्रपाल सिंह लोधी ने शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा: "आज परिषदीय विद्यालयों की सूरत और सीरत दोनों बदली है। बेहतर संसाधनों और समर्पित शिक्षकों के कारण हमारे बच्चे अब 'निपुण' बन रहे हैं। शिक्षक समाज का यह योगदान राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।"

**प्रभावी आयोजन और लक्ष्य**

खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) श्रीमती हेमलता के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन, बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान (FLN) की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण कुमार उपाध्याय और डॉ. यशपाल सिंह (अइरअ दानपुर) सहित भारी संख्या में शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियाँ और अभिभावक मौजूद रहे।

**प्रमुख आकर्षण:**

निपुण लक्ष्य: बच्चों को बुनियादी शिक्षा में दक्ष बनाने का संकल्प। समुदाय की भागीदारी: शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जोड़ने का प्रयास। संसाधनों का विकास: विद्यालयों में हो रहे आधुनिक बदलावों का प्रदर्शन।अंत में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिकाएं, प्रभारी अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाओं एंव कार्यलय स्टाफ ने भाग लिया।

# द्वितीय पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** स्वर्गीय रघुराज शर्मा प्रधान जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर 25 फरवरी 2026, दिन बुधवार को भव्य सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिव ईंट उद्योग, ताल बिबियाना रोड, भईपुर में हुआ। समाजसेवी हरिप्रकाश शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रातः 11 बजे से सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ, जिसके उपरांत दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्रामीण एवं श्रद्धालुजन ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहें और स्वर्गीय प्रधान जी को श्रद्धांजलि अर्पित करी। स्व. रघुराज शर्मा प्रधान अपने सामाजिक कार्यों, सरल स्वभाव और जनसेवा के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उनकी स्मृति में आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम है, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का संदेश भी देगा। आयोजक परिवार की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से



कार्यक्रम में सादर आमंत्रित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से आनन्द शर्मा,रूपा प्रधान,बसन्त शर्मा,प्रदीप शर्मा,मनोज शर्मा, प्रमोद ओझा, शिवा विजय समाजसेवी, राजीव शर्मा, गौरब खालोर, सचिन शर्मा,के पी सिंह वंशी वाले,राजीव शर्मा बालका, संजीव पाठक समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# आरडीपीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में NIIT फाउंडेशन द्वारा करियर मार्गदर्शन एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** RDPD Girls Degree College में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए NIIT Foundation द्वारा एक विशेष ओरिएंटेशन एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को करियर, सॉफ्ट स्किल्स और रोजगार से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा।
इस अवसर पर NIIT फाउंडेशन के कॉरपोरेट रिलेशंस एवं प्लेसमेंट कोऑर्डिनेशन (कॉलेज कोऑर्डिनेटर) Pratham Kaushik ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि कॉलेज में शीघ्र ही तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका नाम "Program in Professional Edge – Career है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को इंटरव्यू की तैयारी, HR राउंड को आत्मविश्वास के साथ फेस करना, प्रोफेशनल रिज्यूमे बनाना,




प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स विकसित करना एवं इंडस्ट्री की अपेक्षाओं को समझने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्यक्रम छात्राओं के समग्र करियर विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसके बाद उन्हें पूरे भारत में विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल से छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार प्राप्त करने का सशक्त माध्यम मिलेगा।
ओरिएंटेशन सत्र के साथ-साथ छात्राओं के लिए एक साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को हैकिंग, मालवेयर, सोशल इंजीनियरिंग, फिशिंग, डीपफेक एआई जैसे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वयं को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।
कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य शीनू चौधरी ने इस उपयोगी और ज्ञानवर्धक सत्र के लिए NIIT फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और इसे छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर कुमकुम वर्मा, अनुराधा राघव,मीनाक्षी शर्मा तथा संचालन कर रही हिमानी शर्मा भी उपस्थित रहीं।

# रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, एनसीसी केडेटों बढ़चढ़ कर किया प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर क्षेत्र स्थित जनता पॉलिटेक्निक में 41 यू.पी वाहिनी एनसीसी बुलन्दशहर के कमान अधिकारी के निदेर्शानुसार रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।
दिन बुधवार को आयोजित शिविर में संस्था के साथ क्षेत्र के लगभग 9 इंटर कॉलेज व महाविद्यालयों के लगभग 150 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिविर में 19 एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ शिक्षकगण एवं छात्रों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान ॒रक्तदान : एक महादान॒ विषय पर जागरूकता संदेश दिया गया, जिसमें बताया गया कि रक्त मानव जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। रक्तदान को ॒महादान॒ इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह पूर्णतः निःस्वार्थ सेवा है। संस्था की प्रधानाचार्य मंजु बंसल ने सभी प्रतिभागी कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ इमरान, डॉ अमित कुमार शर्मा ने रक्तदान पर अपने विचार व्यक्त किए।
इस अवसर पर विभाग फामेर्सी प्रभारी अनिल कुमार, सूबेदार मेजर धर्मवीर सिंह, नायक सूबेदार प्रहलाद प्रसाद, हवलदार गुरजीत सिंह, सहायक एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सतेन्द्र सिंह तथा संस्था के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदान करने वाले कैडेट्स एवं अन्य सभी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**प्रदर्शन** — योगी सरकार पर हिंदुओं के अपमान का आरोप

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज पर एफआईआर के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। भाजपा की योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान सरकार सच सुनने को तैयार नहीं है। जो भी व्यक्ति सरकार को सही सलाह देता है या जनहित में आवाज उठाता है, उसे दबाने का प्रयास किया जाता है। इसी हठधर्मिता के चलते ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों को लगातार परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा है। कांग्रेसियों ने "शंकराचार्य का अपमान- नहीं सहेगा हिन्दुस्तान" जैसे नारे लगाए।
कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या जैसे पावन अवसर पर शंकराचार्य जी और उनके शिष्यों को स्नान से रोका गया। उनके साथ आए बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा उन्हें थाने ले जाकर प्रताड़ित किया गया। इतना ही नहीं, अब शंकराचार्य, उनके शिष्य एवं श्रद्धालु ब्रह्मचारियों सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी गई है, जो अत्यंत निंदनीय है। ज्ञापन में कांग्रेस ने पीएम मोदी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज पर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत दर्ज एफआईआर को तत्काल समाप्त करने, एफआईआर दर्ज कराने वालों की पृष्ठभूमि, परिस्थितियों एवं संभावित प्रेरक तत्वों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस ने शंकराचार्य एवं सनातन धर्म का अपमान करने वाली भाजपा और यूपी सरकार के जिम्मेदार






अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई करने की मांग की।
जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का उत्पीड़न और अपमान योगी सरकार के इशारे पर राजनीतिक द्वेषवश किया जा रहा है, जिससे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करते हैं और शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस मामले में शीघ्र न्यायोचित कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, मनीष चतुर्वेदी, सचिन पंडित और भजनलाल विमल ने कहा कि पीएम मोदी को सनातन के सम्मान और देशहित में तत्काल यूपी में दखल देकर शंकराचार्य का अपमान करने और उनपर झूठी एफआईआर करने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए । जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बाल्मिकी, आदर्श देव शर्मा और राजेंद्र कश्यप ने कहा कि भाजपा हिंदूवादी कहती है लेकिन उसके काम सब हिंदू विरोधी हैं । उन्होंने कहा कि सनातन समाज के लोगों को जागरूक होकर शंकराचार्य के अपमान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर प्रदीप सरोहा, सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मिकी, डूंगर सिंह, भजनलाल विमल, पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार, किशन चौधरी, ऋषि गौतम, वीरेंद्र सैनी, अनिल शर्मा, चंद्रपाल सिंह, साजिद गाजी, नईम मंसूरी, गुरबचन सिंह, लक्ष्मी नारायण शर्मा, सचिन वशिष्ठ, इसराइल गहलोत, अजय कुमार, विमलेश बाल्मिकी, सुरेंद्र राघव, धर्मेंद्र महावर, मुनेश शर्मा, अभिनव ठाकुर, देशदीपक भारद्वाज, नवीन अंबेडकर, प्रोफेसर टेकचंद, मोहनलाल, आफताब एडवोकेट, दानिश कुरैशी, नरेंद्र बाल्मिकी, सादिक सैफी, उम्मेद सूर्यवंशी, अब्दुल रहमान मंसूरी, सतेंद्र ठाकुर, हाफिज जीशान, चंद्रपाल सिंह, तरुण गिरी , पुष्पेंद्र चौधरी, राजेंद्र कश्यप, युवनिश शर्मा, संदीप, आदर्शदेव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी व एडीएम ई ने जनता दर्शन में सुनी जन समस्यायें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व एडीएम ई ज्योति मौर्या द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री मंशानुरूप एवं शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। कोई भी किसी गरीब, असहाय व बेबस व्यक्ति को परेशान या पीड़ित करता है तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएं। जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। प्रत्येक जन के विकास एवं जनपद के विकास में सभी अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करें।



# एफडीएम आधारित एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3डी प्रिंटिंग) पर आरकेजीआईटी में विशेष कार्यशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्थित राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाजियाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 24 फरवरी को एफडीएम तकनीक आधारित 3डी प्रिंटिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 3डी प्रिंटिंग तकनीक का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को 3डी प्रिंटर के प्रमुख भागों के बारे में विस्तार से बताया गया।

साथ ही 3डी प्रिंटिंग में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के फिलामेंट एवं उनके गुणों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 3डी प्रिंटिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, डिजाइन, उत्पाद विकास, विनिर्माण तथा अन्य औद्योगिक अनुप्रयोगों में इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।







विभागाध्यक्ष (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) डॉ. पंकज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में 3डी प्रिंटिंग जैसी उन्नत तकनीकों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने कौशल को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता एवं उद्योगोन्मुख दृष्टिकोण को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने भी विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि व्यावहारिक प्रशिक्षण और तकनीकी समझ ही विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। कार्यशाला का समन्वय मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक अंकित द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्रों ने, कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

# अंशु सूरज मावी ने किया सिरौली में मिट्टी खड़ंजा कार्य का उदघाटन, 6 लाख रुपये की लागत से बनेगी सड़क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लोनी।** जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने ग्राम पंचायत बादशाहपुर सिरौली में बंथला ढिकोली रोड से रतन सिंह बाबूजी के खेत तक सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर उदघाटन किया।

जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने बताया कि 250 मीटर की यह सड़क 6 लाख रुपए की लागत से बनेगी जिससे आस पास के कई किसान भाई बहनों को फसल लाने ले जाने के दौरान आवागमन में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर मौजूद ग्राम प्रधान राजवीर सिंह बैसला ने कहा कि बारिस के समय किसानों को अपने खेतों में आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन अब दर्जनों किसानों को इसका फायदा मिलेगा उन्होंने इस समस्या का समाधान करने के लिए जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी का आभार व्यक्त किया।



उदघाटन स्थल पर पहुँचने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता ईश्वर मावी और जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उदघाटन कार्यक्रम में एलआर कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र बैसला, मास्टर नेपाल सिंह बैसला, धूनीराम, विशाल बैंसला, कुलदीप बैंसला, प्रदीप बैंसला, अतुल कुमार और ठेकेदार विनोद कसाना सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सदर तहसील पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विकास प्रधान के नेतृत्व में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकताओं ने सदर तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी महोदय, गौतम बुद्ध नगर के नाम एसडीएम सदर आशुतोष एवं तहसीलदार सदर अजय कुमार को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया कि ज्ञापन में जिले के किसानों की लंबित एवं गंभीर समस्याओं–सर्किल रेट में वृद्धि, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को प्रभावी रूप से लागू करने, प्रमाण पत्र एवं खतौनी संबंधी कार्यों में हो रही देरी, तहसील में व्याप्त अव्यवस्थाओं व भ्रष्टाचार, परिवार रजिस्टर/वारिसान नकल जारी करने तथा पात्र ग्रामीणों के राशन कार्ड बनवाने हेतु शिविर लगाने–की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रिजेश भाटी और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकेश भाटी ने कहा कि किसान लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर तहसील और प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया गया है कि सभी मुद्दों पर ठोस और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यदि निर्धारित समयावधि में समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



इस मौके पर प्रताप नागर, रवींद्र प्रधान,नासिर प्रधान, संजय कसाना, नरेन्द्र भाटी , विनोद मलिक, राजकुमार रूपवास , उमेश राणा, अशोक भाटी, श्रीमती सरोज, श्रीमती शीतल, भारत नागर,अब्दुल नाईम , आशु अट्टा, सुमित नागर, फिरे नागर, बसंत, जितेंद्र , अरुण काफी संख्या में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा कार्यकर्ताओ मौजूद रहे।

# डासना जेल में यूपी बोर्ड परीक्षा की पूरी तैयारी, 63 कैदी देंगे 10वीं-12वीं की परीक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षाओं को लेकर डासना जिला जेल में पूरी तैयारी कर ली गई है। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पांच जिलों–गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर–के कैदियों के लिए डासना जेल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी परीक्षाएं जेल परिसर के अंदर ही होंगी और किसी भी कैदी को बाहर नहीं ले जाया जाएगा।इस वर्ष कुल 63 कैदी यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें 20 कैदी हाईस्कूल और 43 कैदी इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। परीक्षा से पहले सभी कैदियों को सिलेबस और जरूरी किताबें उपलब्ध कराई गई हैं। जेल में लाइब्रेरी की व्यवस्था भी है, जहां कैदी नियमित रूप से पढ़ाई कर रहे हैं। इंटरमीडिएट परीक्षा गाजियाबाद जेल के 15 कैदी, गौतमबुद्धनगर के 14, मेरठ के 6, सहारनपुर के 3 और मुजफ्फरनगर का 1 कैदी परीक्षा देगा। इसके अलावा गाजियाबाद से रिहा हो चुके 5 कैदी भी परीक्षा में शामिल होंगे हाईस्कूल परीक्षा गाजियाबाद के 4, गौतमबुद्धनगर के 6, मेरठ के 3, सहारनपुर के 5 और मुजफ्फरनगर का 1 कैदी परीक्षा देगा। एक रिहा कैदी भी हाईस्कूल परीक्षा में शामिल होगा।परीक्षा केंद्र पर नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी जेल अधीक्षक की होगी। बोर्ड के शिक्षक और इंडिया विजन फाउंडेशन की टीम कैदियों को पढ़ाई में सहयोग कर रही है। जेल प्रशासन का कहना है कि शिक्षा से कैदियों को सुधार और नए जीवन की दिशा मिलती है।




# क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता : विधायक संजीव शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अतुल गर्ग सांसद एवं शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा भाटिया मोड़ से लाल कुआं फ्लाईओवर हनुमान मंदिर तक जी टी रोड के दोनों तरफ सड़क निर्माण, डिवाइडर निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना की अनुमानित लागत 16 करोड़ 34 लाख 27 हजार है।

इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सदैव गाजियाबाद सहित पूरे प्रदेश के विकास के लिए संकल्पित एवं प्रयासरत रहते हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर जारी है। आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं और भविष्य में भी विकास की गतिविधियां इसी प्रकार जारी रहेंगी।





मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि सांसद एवं विधायक सदैव अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए चिंतित रहते हैं और जनहित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर गाँधी नगर मंडल अध्यक्ष वरुण नागर, क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता,क्षेत्रीय पार्षद विनील दत,पार्षद उदित मोहन, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद ओमप्रकाश ओड, पार्षद कन्हैया, पार्षद संतोष राणा, पार्षद देवनारायण शर्मा, अनुज मित्तल ,राजेंद्र मित्तल,उमेश भाटी,अतुल शर्मा,धीरज सिंह नागर, हिमांशु पाराशर, आशुतोष शर्मा, राहुल भाटी, मनोज कांगड़ा, अनु चौधरी, एम पी जैन, मनोज, अमित, संजय आदि उपस्थित रहे।

# नियमों को दरकिनार कर शिक्षामित्र बना ग्राम पंचायत सदस्य सचिव ने कर दिया ग्राम पंचायत में बैठक भत्ते का 4000 भुगतान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** राजधानी के विकासखंड माल का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां पिछले 5 साल से नियमों को दरकिनार कर पंचायत सदस्य का चुनाव निर्विरोध जीत चुके एक व्यक्ति ने शिक्षामित्र के पद से इस्तीफा नहीं दिया और ग्राम पंचायत में तैनात रहे अधिकारियों ने भी इस बात को नजरअंदाज करते रहे और लगातार 5 साल से पंचायत की बैठकों में सदस्यों की हस्ताक्षर करते रहे उनमें अवैध तरीके से निर्वाचित शिक्षामित्र भी शामिल रहा और हद तो तब हो गई जब करीब 1 साल से तैनात सचिव ने 14 फरवरी को बैठक भत्ते का ?4000 भुगतान भी कर दिया। आपको बता दें कि नियमानुसार कोई भी मानदेय अथवा वेतन भोगी कर्मचारी बिना इस्तीफा दिए पंचायत के किसी पद का चुनाव नहीं लड़ सकता है यह जानते हुए भी विकासखंड माल की खडसरा ग्राम पंचायत के निवासी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर नियुक्त आकाश प्रताप सिंह पुत्र अवधेश कुमार सिंह ने 2021 के पंचायत चुनाव के समय ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 5 से नामांकन कर दिया और किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा नामांकन न किए जाने के कारण निर्विरोध निर्वाचन हो गया तत्कालीन सचिव पवन कुमार विमल की जानकारी के बावजूद उसे प्रमाण पत्र भी दे दिया गया और समितियां गठित हो जाने के बाद भी सचिव ने उसका इस्तीफा नहीं लिया और 5 साल का कार्यकाल पूरा होने से कुछ महत्वपूर्ण ही वर्तमान सचिव चित्र बहादुर क्षेत्री ने आकाश प्रताप सिंह सहित कई सदस्यों को ?4000 बैठक भत्ते के रूप में ऑनलाइन भुगतान कर दिया। यहां खास बात यह है कि ग्राम प्रधान द्वारा यह जानते हुए भी इसका निर्वाचन गलत हुआ है फिर भी 5 साल तक इस जानकारी को छुपाए रखा। इसके अलावा इस समय के कार्यवाहक सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार सिंह 2021 पंचायत चुनाव के समय भी इसी पद पर कार्यरत थे। आपको बताते चलें कि इससे पूर्व में भी आकाश प्रताप सिंह के विरुद्ध माल थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है जिसमें वह जेल भी जा चुका है। उसे समय नबीपनाह स्थित एक बैंक मैनेजर ने कई लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी अब देखना है कि इस मामले में शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन सहित विकास भवन इस मामले में दोषी कर्मचारी और अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करता है?

## साहिबाबाद में राष्ट्रीय व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय की अध्यक्षता में महामंत्री मोहित शर्मा के संचालन में श्याम लखदातार प्रोपर्टीज पर लाजपत नगर साहिबाबाद पर दिनांक 25 फरवरी को दोपहर बाद संपन्न हुई। बैठक में होली के पवित्र राष्ट्रीय त्यौहार एवं रमजान एक साथ होने के योग के कारण आगामी होली के राष्ट्रीय पर्व को सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखते हुए राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने होली के पावन पर्व को बिना जहरीले रंग के एवं नशे से दूर रहकर आपसी भाईचारा रखते हुए मिलजुलकर प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाए रखते हुए हर्बल गुलाल से होली खेलकर यह होली मनाने की शपथ ली। वातावरण को शुद्ध रखकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर गले मिलकर होली मनाने का आह्वान किया।

# कैलाशपुर कृष्णा गार्डन नंबर-1 में कानून को खुली चुनौती नक्शा नहीं, पार्किंग नहीं फिर भी मंज़िल पर मंज़िल! जीडीए क्यों मौन? अवैध निर्माण पर जीडीए साइलेंट मोड में!

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें अवैध निर्माण की आ रही है बाढ़ प्राधिकरण ने साधी चुप्पी जीडीए की चुप्पी में खड़ा हो रहा अवैध निर्माण।

कैलाशपुर कृष्णा गार्डन में नियमों खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां यूं कहें प्राधिकरण के ही संरक्षण में बन रहा अवैध निर्माण का पूरा खेल? गली नंबर-1 में कानून को खुली चुनौती नक्शा नहीं, पार्किंग नहींङ्क फिर भी मंज़िल पर मंज़िल! जीडीए क्यों है मौन? अवैध निर्माण पर जीडीए साइलेंट मोड में! कौन दे रहा बिल्डरों को शह? नियम ताक पर, छज्जा बाहर! कैलाशपुर में बेलगाम बिल्डरों का खेल गली में गगनचुंबी जिद! बिना अनुमति खड़ा हो रहा ब्लॉक, प्रशासन बेखबर या बेपरवाह? पहली मंज़िल तैयार, दूसरी जारी जीडीए की नाक के नीचे अवैध निर्माण जारी!



## उठती जनआवाज

## इतिहास से कूड़ाघर तक: बालूपुरा पक्का तालाब के पुनर्जीवन की उठती जनआवाज

# सूखता पक्का तालाब, बढ़ता जल संकट: गाज़ियाबाद की विरासत और भविष्य दोनों खतरे में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** सिटी क्षेत्र के बालूपुरा स्थित ऐतिहासिक पक्का तालाब आज उपेक्षा, अतिक्रमण और प्रशासनिक उदासीनता का शिकार होकर अपनी पहचान खोता जा रहा है। कभी शहर की जल-व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र रहा यह तालाब अब सूखकर कूड़ाघर जैसी स्थिति में पहुँच गया है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि यदि तालाब का वैज्ञानिक एवं स्थायी जीर्णोद्धार किया जाए, तो बालूपुरा, जटवाड़ा, डासना गेट, रमते राम रोड और मालीवाड़ा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भूजल स्तर में सुधार होगा तथा पानी की किल्लत की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। है। एक समय रामलीला के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और सीता के सरयू पार कर वन गमन का दृश्य इसी तालाब में मंचित किया जाता था, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते थे। तालाब के सूखने के साथ यह परंपरा भी समाप्त हो गई, जिससे शहर की सांस्कृतिक पहचान को गहरा आघात पहुँचा है। वर्तमान में तालाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। इसके मुख्य द्वार के सामने प्रतिदिन कूड़ा डाला जाता है, जिससे यह स्थान कूड़ाघर जैसा प्रतीत होता है। बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है और राहगीरों को दुर्गंध एवं गंदगी का सामना करना पड़ता है। तालाब के भीतर सूखी जमीन पर बच्चे गिल्ली डंडा खेलते हैं, जबकि शाम के समय कुछ लोग इसे शराबखोरी और नशाखोरी का अड्डा बना देते हैं। जुआ, आपराधिक गतिविधियाँ और मृत पशुओं को दबाने जैसी घटनाओं ने इस क्षेत्र की सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।



स्थानीय लोगों के अनुसार, ठेकेदार का एक नीला लोहे का कंटेनर भी असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जहाँ नशाखोरी और चोरी जैसी घटनाएँ होती रहती हैं। तालाब के सूखने का एक प्रमुख कारण उन नालों और नालियों पर हुआ अतिक्रमण है, जिनसे वर्षाजल और कॉलोनियों का पानी तालाब में पहुँचता था। पहले इन जलमार्गों के कारण मानसून में जलभराव की समस्या नहीं होती थी, लेकिन अब पक्के निमार्णों ने जल प्रवाह रोक दिया है, जिससे तालाब सूख गया और आसपास के क्षेत्रों में जल संकट बढ़ गया। इससे पहले तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे, परंतु कुछ ही समय बाद स्थिति फिर बदहाल हो गई। मछली पालन योजना भी शुरू की गई थी, लेकिन मंदिर स्तनीय जनता ओर पार्षद के विरोध और अन्य कारणों से बंद हो गई, जिसके बाद तालाब की निगरानी और साफ-सफाई लगभग समाप्त हो गई। आज वही मंदिर का सभी कूड़ा पक्का तालाब की दीवारों पर अंदर फेका जाता है अजीब विडंबना है निगम को जनता का सहयोग ना मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। कारण अनेको मे एक करण ये भी है, ओवरसीज कंपनी द्वारा रखरखाव की जिम्मेदारी लेने और समय-समय पर सफाई कराने के प्रयास भी अनुबंध समाप्त होने के साथ बंद हो गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अब नगर प्रशासन को नए सिरे से व्यापक योजना बनानी होगी, जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और राजस्व सृजन को साथ लेकर चलना होगा। विशेषज्ञों का सुझाव है कि तालाब तक जल प्रवाह बहाल किया जाए, आसपास अतिक्रमण हटाया जाए और इसे वर्षाजल संचयन का मॉडल बनाया जाए। तालाब परिसर को हरित क्षेत्र, फूलवारी या पेशेवर पौधशाला (नर्सरी) के रूप में विकसित कर नगर निगम राजस्व भी बढ़ा सकता है। इसके अतिरिक्त उरफ़ ठऋङ या ठेका मॉडल के माध्यम से स्थायी रखरखाव सुनिश्चित किया जा सकता है तथा निगरानी बढ़ाकर असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सकती है।

पक्का तालाब का पुनर्जीवन केवल एक जलाशय को बचाने का प्रयास नहीं होगा, बल्कि यह गाज़ियाबाद की पर्यावरणीय सुरक्षा, सांस्कृतिक विरासत और आने वाली पीढ़ियों के जल भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। स्थानीय निवासी लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं और अब देखना यह है कि प्रशासन इस जनआवाज को कब तक अनसुना करता है या इसे शहर के पुनरुत्थान का अवसर बनाता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# एस0एस0डी0 पब्लिक स्कूल,सिटी ब्रांच खत्रीपाड़ा में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**अतरौली (अलीगढ़)।** नगर के एस० एस० डी० पब्लिक स्कूल, सिटी ब्रांच खत्रीपाड़ा में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी के प्रथम दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि पवन शर्मा (प्रभारी शिक्षक खंड अधिकारी) द्वारा फीता काटकर किया गया।

प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक एवं गणितीय मॉडलों और परियोजनाओं को देखकर मुख्य अतिथि ने उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देती हैं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर हिमांशु मित्तल गुप्ता, सोमेश मुखरैया, संदीप शर्मा, पंकज शर्मा, इरफान, डी० के० शर्मा तथा सोनू शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को इसी प्रकार शिक्षा के साथ-साथ नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अवंती बाई चौराहे पर जाम से राहगीर बेहाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**अतरौली।** नगर के व्यस्ततम अवंती बाई चौराहे पर बुधवार को भीषण जाम लग गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चौराहे के बीचोंबीच टेंपो चालकों द्वारा वाहन खड़े करने और ठेली-रेहड़ी संचालकों के अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था घंटों प्रभावित रही। दोपहिया, चारपहिया और बसें लंबे समय तक रेंगती नजर आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह और दोपहर के व्यस्त समय में स्थिति अधिक खराब रही। स्कूल जाने वाले छात्र, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और मरीज जाम में फंसकर देर तक परेशान होते रहे। कई वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने पड़े, जिससे आसपास की गलियों में भी दबाव बढ़ गया। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि अवंती बाई चौराहा ही नहीं, पैंठ चौराहे पर भी आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। टेंपो चालकों की मनमानी पार्किंग, सड़क किनारे अवैध ठेलियां और यातायात नियमों की अनदेखी इसके प्रमुख कारण हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि चौराहे पर यातायात पुलिस की नियमित मौजूदगी नहीं होने से समस्या और बढ़ जाती है।

नागरिकों ने प्रशासन से चौराहों पर अतिक्रमण हटाने, टेंपो स्टैंड निर्धारित करने और पीक आवर्स में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि ठोस और स्थायी कदम उठाए बिना जाम से राहत मिलना मुश्किल है।

# जिले से चिन्हित 10 पशुपालक बरेली में करेंगे एक्सपोजर विजिट, सीवीओ ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**अलीगढ़ ।** मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 दिवाकर त्रिपाठी द्वारा बुधवार को 10 पशुपालकों को प्रशिक्षण एवं प्रचार योजना अन्तर्गत 02 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए पशुचिकित्साधिकारी बिजौली डा0 पंकज कुमार के साथ केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सीवीओ डा0 त्रिपाठी ने बताया कि पशुपालन विभाग में प्रशिक्षण एवं प्रचार योजना संचालित है। पशुपालकों के कौशल विकास उत्पादकता बढाने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजना के तहत जिले के विकास खण्डों से पशुपालकों को अन्य जनपद की पशुपालन से सम्बन्धित संस्थाओं में जाकर एक्पोजर विजिट कराई जाती है। उन्होंने पशुपालकों से आव्हान किया कि इस प्रकार की विजिट के इच्छुक पशुपालक अपने नजदीकी पशुचिकित्सालय पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। विजिट अन्य प्रांतों की भी कराई जायेगी।

# इफको एम.सी. द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**अलीगढ।** जनपद अलीगढ़ के तहसील अतरौली के ग्राम गहतोली निर्मल के गांधी निकेतन जूनियर हाई स्कूल में इफको एमसी द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 मरीजों ने नेत्रों की जांच कराई इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक बीके निगम जी ने बताया कि इफको एमसी द्वारा 25-02-2026 को निशुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण/स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है।गांधी आई हॉस्पिटल अलीगढ़ के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के नेतृत्व में मरीजों की आंखों की जांच की। सुविधाएंः निःशुल्क जांच के साथ ही मरीजों को मुफ्त दवाएं, चश्मा और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा दी गई। मरीजों की भागीदारीः सुबह से ही मरीजों की भारी संख्या में आना शुरू हुआ जिसमें मरीजों ने आंखें की जांच कराईं। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों तक उत्तम नेत्र चिकित्सा पहुंचाना है।आयोजकों ने बताया कि इसी तरह के शिविर आगे भी लगाए जाएंगे।

# बारात में आपत्तिजनक गाने बजने पर चले पत्थर, दूल्हा-दुल्हन ने पुलिस सुरक्षा में लिए सात फेरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** थाना जवां क्षेत्र के गांव सुनाना में मंगलवार देर रात बारात में आपत्तिजनक गाने को लेकर दो समुदाय आपस में भिड़ गए। इस विवाद में जमकर ईंट-पत्थर चले, जिससे गांव के घरों और बारात में आए वाहनों को नुकसान पहुंचा है। उधर पुलिस ने स्थिति को काबू किया और भारी सुरक्षा के बीच शादी की रस्में पूरी कराईं।

बताते हैं कि पलवल से आई यह बारात अनुसूचित जाति के पप्पन के घर जा रही थी। बारात जैसे ही ठाकुरों के मोहल्ले से गुजरी, बारात में शामिल एक युवक ने अपने मोबाइल से डीजे पर एक जातिगत भावनाओं को भड़काने वाला गाना बजा दिया। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। थोड़ी ही देर में बहस गाली-गलौज में बदल गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया।

जानकारी मिलते ही जवां थाना पुलिस और आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत स्थिति को संभाला और पूरी बारात को सुरक्षा घेरे में लेकर दुल्हन के घर तक पहुंचाया। पुलिस की मौजूदगी में ही शादी की सभी रस्में शांतिपूर्वक संपन्न कराई गईं। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है ताकि दोबारा विवाद न हो।

एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह विवाद मोबाइल के जरिए डीजे पर बजाए गए एक उत्तेजक गाने के कारण शुरू हुआ था। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस उन अराजक तत्वों को चिह्नित कर रही है जिन्होंने शांति भंग करने की कोशिश की। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अलीगढ़ के बच्चू सिंह का शव हापुड़ नाव में मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** बुधवार सुबह हापुड़ में गंगा के ब्रजघाट पर सरकारी प्रिंटिंग और स्टेशनरी विभाग में तैनात ज्वाइंट डायरेक्टर बच्चू सिंह का शव नाव में पड़ा मिला। सुबह घाट पर टहलने आए लोगों नाविकों ने नाव में शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। ब्रजघाट पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि पुलिस ने ज्वाइंट डायरेक्टर को सीपीआर देकर जान बचाने की कोशिश की। उसके बाद सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी पहचान अलीगढ़ जिले के बाजरा गांव निवासी बच्चू सिंह के रूप में हुई है। उनकी तैनाती रामपुर जिले के निदेशालय एवं मुद्रणालयवार में थी।

पहचान होने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिवार के सदस्य भी ब्रजघाट पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि बच्चू सिंह निदेशालय एवं मुद्रणालयवार में ज्वाइंट डायरेक्टर थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ बार एसोसिएशन चुनाव संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को जबरदस्त उत्साह के साथ रिकार्ड 90 प्रतिशत वोट पड़े। जहां 2280




मतदाताओं में से 2000 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। वही युवा अधिवक्ताओं ने भी पूरे जोर-जोर के साथ मतदान किया मतदान स्थल से मतदान कर बाहर आए एडवोकेट अली यावर एडवोकेट मो मोहसिन मेवाती एडवोकेट मो शरीक एडवोकेट हसन एडवोकेट अदनान एडवोकेट शाहनवाज एडवोकेट साजिद अली आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### राहवीर योजना से सड़क हादसों में घायलों को मिलेगी मदद एसएसपी नीरज कुमार जादौन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की दर कम करने के लिए अलीगढ़ पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसके बावजूद कई बार सड़क हादसा होने पर आसपास के लोग पुलिस या एंबुलेंस का इंतजार करते रहते हैं, जिससे घायलों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा पाता और उनकी हालत गंभीर हो जाती है इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति की तुरंत मदद करें और उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं तथा पुलिस को सूचना दें। दुर्घटना के बाद का गोल्डन ऑवर घायल की जान बचाने में सबसे महत्वपूर्ण होता है पुलिस ने बताया कि भारत सरकार की राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को प्रशस्ति पत्र के साथ 25 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि दी जाती है अलीगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि दुर्घटना के समय घायलों की मदद कर मानवता का परिचय दें और उनकी जान बचाने में सहयोग करें।

### एक करोड़ से कॉलेज रोड का होगा सुंदरीकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** नगर के प्रमुख मार्ग कॉलेज रोड के सुंदरीकरण के लिए नगर पालिका ने एक करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। पैंठ चौराहा से खुर्जा अड्डा तक सड़क के दोनों ओर आधुनिक लाइटें लगाई जाएंगी। साथ ही फुटपाथ पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जाएंगी। कार्यदायी संस्था ने काम शुरू कर दिया है। कॉलेज रोड अतरौली का मुख्य मार्ग है। पैंठ चौराहे पर हाल ही में अक्रूरजी महाराज द्वार का सुंदरीकरण कराया गया था। अब इसी रोड पर केएमवी इंटर कॉलेज के सामने होते हुए खुर्जा बस स्टैंड तक सड़क को आकर्षक बनाने की योजना है। मार्ग पर दोनों ओर 72 लाइटें लगेंगी, जिस पर करीब 75 लाख रुपये खर्च होंगे।

फुटपाथ पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाकर मार्ग को चौड़ा किया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 25 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। बीते दिनों बोर्ड बैठक में सभासदों के प्रस्ताव पर चेयरमैन वीरेंद्र सिंह लोधी और ईओ अनीता वर्मा ने बजट को स्वीकृति दी थी। चेयरमैन वीरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि कार्य पूर्ण होने के बाद कॉलेज रोड की सुंदरता बढ़ेगी और आवागमन सुगम होगा। अन्य मार्गों पर भी इसी तरह के विकास कार्य कराने पर विचार किया जा रहा है।


## कार्यालय अलीगढ़ नगर निगम, अलीगढ़

पत्रांकः 1777 /अ0ज0क0वि0/2025-26 दिनांकः 25.02.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जलकल विभाग नगर निगम अलीगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों की ई-निविदा डबल बिड (टैक्नीकल/फाइनेन्सियल) सिस्टम में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

**कार्यों का नाम-**

1. वार्ड सं0 19 के अन्तर्गत हजीरा रोड एवं मेलरोज बाईपास पर पाइप लाइन बिछाने व मैनहॉल निर्माण कराये जाने का कार्य।
2. जयगंज स्कूल नं0 35 के सामने ट्रंक सीवर लाइन स्कूल नं0 07 नौनेर गेट तक सीवर सफाई का कार्य।

- निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 10.03.2026 की अपरान्ह 2:00 बजे तक।
- निविदा की टैक्नीकल बिड खोले जाने की तिथि 10.03.2026 अपरान्ह 4:00 बजे।
- फाइनेन्सियल बिड केवल उन निविदादाताओं की खोली जायेगी जो टैक्नीकल बिड में अर्ह पाये जायेगे।
- फाइनेन्सियल बिड खोले जाने का विवरण बेवसाइट www.etender.up.nic.in से ही प्राप्त किया जा सकेगा।

**नोट- अन्य जानकारी व समस्त शर्तें बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।**

**महाप्रबंधक (जल)**
नगर निगम अलीगढ़।


# "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है ।

मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सु?क्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/ बाजार/ गांव/कस्बा/ स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । इस अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## निर्देश — सीएम ग्रिड निर्माण कार्यों के उपरांत बदली नजर आएगी शहर यातायात व्यवस्था

# औद्योगिक आस्थान ख्यामई में बुनियादी सुविधाएं एवं लिंक रोड विकसित करने दिए निर्देश

बुलन्द संदेश बयूरो

### प्रभारी डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक संपन्न



**अलीगढ़ ।** प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्यमियों द्वारा नवीन औद्योगिक आस्थान ख्यामई में बुनियादी सुविधाएं एवं लिंक रोड विकसित करने एवं आवंटित भू-खण्डों को कब्जामुक्त कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस पर उपायुक्त उद्योग एस0पी0 यादव ने बताया कि ख्यामई में 105 औद्योगिक भूखण्ड हैं जिनमें से 90 का आवंटन हो चुका है। 52 भूखण्डों पर भूमि विवाद है। प्रभारी डीएम ने उद्यमियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार गभाना, संबंधित लेखपाल एवं अधिकारियों की पृथक से बैठक कराने के निर्देश दिए ताकि जल्द से जल्द वहां अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जा सके।

सीडीएफ एवं तालानगरी में 132 के0बी0ए0 विद्युत उपकेंद्र स्थापना के संबंध में आरएम यूपीसीडा द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया है कि तालानगरी में भूमि चिन्हित कर स्वीकृति के लिए निदेशालय पत्र भेजा गया है। प्रभारी डीएम ने रिमाइण्डर पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। प्रधानाचार्य आईटीआई द्वारा अवगत कराया गया कि 800 के सापेक्ष 611 शिशिक्षुओं समेत 27 को विद्युत विभाग में नियोजित किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उद्यमी राकेश अग्रवाल द्वारा विकसित किए जा रहे प्लेज पार्क के संबंध में बताया गया कि 90 भूखण्डों में से 15 आवंटित हो चुके हैं। प्रभारी डीएम ने प्लेज पार्क में अवस्थापना सुविधाएं एवं लिंक मार्ग विकसित किए जाने के लिए एक्सईएन पीडब्लूडी को रिमाइण्डर पत्र विकसित करने के निर्देश दिए। तालानगरी में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या को लेकर विद्युत विभाग द्वारा बताया कि 15 मार्च तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रभारी डीएम ने यूपीसीडा को तालानगरी में अतिक्रमण मुक्त कराते हुए नियमित साफ-सफाई एवं फॉगिंग कराने के निर्देश दिए। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि 12 प्रकरण समयसीमा के उपरांत लंबित है। जिस पर प्रभारी डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता से उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। निवेश सारथी पोर्टल पर एक प्रकरण प्राप्त हुआ जिला निस्तारण कर दिया गया है। सीएम युवा उद्यमी योजना में जिले में 540 आवेदन लंबित पाए गए। जिस पर प्रभारी सीडीओ ने एसबीआई को 75, पीएनबी को 50, केनरा को 45, ग्रामीण बैंक को 80 समेत अन्य बैंकर्स को 27 फरवरी तक आवेदनों को स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

# आप ने समाजसेवी द्वारा किये जाने वाले आमरण का किया समर्थन, मैं 27 फरवरी से आमरण अनशन करुंगा: पंकज लोधी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट टोल हटाने की कार्यवाही शुरू नहीं करने से क्षुब्ध होकर घोषित 27 फरवरी से अवैध रूप से चल रहे टोल प्लाजा को हटाई जाने की मांग का समर्थन किया एवं घोषणा की की आम आदमी पार्टी इस जनहित की मांग में पंकज लोधी एवं उनके सहयोगी के सहयोगियों के साथ में कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष में साथ




समाजसेवी द्वारा आमरण अनशन किया जायेगा। समाजसेवी के आमरण को सामाजिक संस्थाओं,किसान यूनियन व राजनैतिक पार्टियों ने समर्थन देने की घोषणा की है।

बुधवार को समाजसेवी पंकज लोधी के निवास पर पहुंचकर 27 फरवरी से होने वाले आमरण अनशन को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमरोहा चौधरी कौशल कुमार अपने कार्यकताओं के साथ समाज सेवी पंकज लोधी के निवास पर पहुंचकर समर्थन देने की घोषणा की। इसके उपरांत उन्होंने गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका से रहेंगे।

इस मौके पर आप पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी कौशल कुमार,जिला संगठन मंत्री नफीस,मंडल प्रभारी मुरादाबाद सचिन धारीवाल,पुष्पेंद्र चौधरी,जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा योगेंद्र चौधरी, तहसील अध्यक्ष जाट महासभा हर्षण प्रजापति,प्रजापति संघ जय सिंह राणा पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा भाजपा,एडवोकेट बबलू सहगल,अर्जुन,अतुल, मोहित प्रजापति आदि रहे।

# मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता... खेलों के माध्यम से बच्चे अपना भविष्य संवार सकते है : धर्मेश तोमर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जीएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर किया गया। जिसमें प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों

- **मुख्य अतिथियों ने प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत**
- **स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये**

को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अब मंडल में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग किया जाएगा।

बुधवार को मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,विधायक धौलाना धर्मेश तोमर अन्य अतिथि जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी मोहन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम,सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा दिनेश यादव,जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन राकेश सिंघल, प्रबंधक आयुष सिंघल, प्रधानाचार्य निधि





मलिक,जेएमएस के डायरेक्टर सुभाष गौतम, मंडल के विभिन्न जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ रितु तोमर द्वारा अतिथि गणों को स्वागत रूप में पौधा और बुके देकर सम्मानित किया गया। सहायक शिक्षा निदेशक मेरठ मंडल द्वारा खेलकूद के प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण करा कर एवं मंडलीय खेलों के ध्वज को फहरा कर मैदान पर कार्यक्रम का आगाज कराया गया।

खेल प्रतियोगिताओं में सबसे पहले 50 मी0 बालिका दौड़ कराई गई। अपने अपने जिलों में प्रथम तीन स्थान पर रहे प्रतिभागियों द्वारा मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया। मंडल में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग किया जाएगा। मण्डल स्तरीय खेलों के पहले दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं कबड्डी कुश्ती वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं कराई गई। विभिन्न विद्यालयों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु मोर ने बताया गया कि इस बार कार्यक्रम की मेजबानी जनपद हापुड़ को मिली जिसके लिए सुनियोजित तरीके से रणनीति बनाकर मंडल स्तरीय खेलों को कराया जा रहा है।

धौलाना विधायक धर्मेश तोमर द्वारा बच्चों को सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे खेलों के माध्यम से अपना भविष्य भी संवार सकते है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी देशराज वत्स,सर्वेश कुमार, मनोज गुप्ता,योगेश गुप्ता,पंकज चतुर्वेदी एवं जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा,आशा कुमारी द्वारा मंच की व्यवस्था व ब्लॉक पीटीआई, खेल अनुदेशक द्वारा रेफरी के रूप में निर्णय को घोषित कराया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा,अंजू आजाद,पूनम द्वारा मंच संचालन किया गया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में संदीप सिरोही, अनुज शर्मा,विशाल कुमार, अखिलेश, प्रवीण शर्मा, भावना शर्मा,रेनू सिंह, मीनाक्षी, भारत शर्मा, सतेंद्र कुमार,अंजू तोमर,नीलाक्षी राजेंद्र यादव मीनू पाल की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# आज बीएसए कार्यालय पर गरजेंगे शिक्षक, पीएम के नाम डीएम को सौंपेंगे ज्ञापन : देवेन्द्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2011 से पूर्व शिक्षकों पर टीईटी थोपे जाने के विरोध में टीचर फैडरेशन ऑफ

- **तीसरे दिन भी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य**
- **2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाये:नीरज**

इंडिया के आह्वान पर बुधवार तीसरे दिन भी जनपद में परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। आज





प्रभावित शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को ज्ञापन सौंपेंगे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शिशौदिया व जिला मंत्री नीरज चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि परिषदीय विद्यालयों शिक्षक 24 ओर 25 फरवरी को भी बांह पर काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य करेंगे एवं दिनांक 26 फरवरी गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे । मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली में रैली आयोजित की जाएगी।

शिक्षक नेता योगेश सैनी ने कहा कि शिक्षकों की की मांग है,कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व के शिक्षकों को जब तक टीईटी अनिवार्यता से छूट प्रदान नहीं की जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संदीप सिरोही ने मांग करते हुए कहा कि सरकार को इस निर्णय को वापिस लेकर शिक्षकों को उचित सम्मान देना होगा, अन्यथा विरोध चलता रहेगा।

इस अवसर पर शिक्षक प्रवेश सैनी, संजय कुमार, जफर, अंकुर त्यागी, अमित कुमार, अमरजीत, आबिद अली, कंचन, सुधा यादव, कपिल कुमार नीलम,नासिर आदि मौजूद रहे।

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के प्रसारण पर रोक लगाने की उठाई मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ एवं भारतीय यदुवंशी महासभा द्वारा यादव जी लव स्टोरी फिल्म के जनपद में प्रसारण पर रोक लगाने

**जिलाधिकारी को सपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा पत्र**

की मांग को लेकर जिला अधिकारी अभिषेक पाण्डेय को पत्र सौंपा।



सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि आगामी 2027 के चुनाव को देखते हुए भाजपा ने लव जिहाद के मुद्दे को हवा देने के लिए यादव,मुस्लिम एवं पी .डी.प्रहरी के आवाहन से घबराकर फूट डालो ओर राज करो की नीति से एक कदम आगे बढ़कर देश में राजनीतिक लाभ लेने की दुर्भावना के साथ साथ मानवता ओर भाई चारे अमन शांति को भंग करते हुए नफरत फैलाकर दंगे फसाद कराकर जाति जाति ऊंच नीच के भेद भाव को बढ़ावा देने के लिए स्वर्ण जाति के कलाकारों का मनोबल बढ़ाने को लेकर फिल्मों के माध्यम से यादव समाज की महिला एवं मुस्लिम समाज को पुरुष की झूठी लव स्टोरी बनाकर नफरत का बीज बोकर आपस में लड़वाकर वैमनस्य फैलाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि इस फिल्म से यादव समाज की बहन बेटी की छवि को खराब दशार्ने का कार्य करते हुए मुस्लिम समाज के युवक के साथ लव अफेयर को दिखाने का घिनौना कार्य किया गया है,जिससे यादव समाज तथा मुस्लिम समाज को बदनाम करने की साजिश की बू स्पष्ट परिलक्षित होती है जिस कारण यादव समाज के अलावा मुस्लिम समाज में भी आक्रोश फैल गया है।

इस अवसर पर अख्तर मलिक,अय्यूब सिद्दीकी , कम्मल मंसूरी,पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट, राजेश यादव, वसीम मेवाती, युधिस्ठिर यादव, रेशमा यादव,मनु चौधरी, अंजू सिंह,यशी यादव,अशोक यादव,संजय यादव आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय टीम ने टी0बी0 विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भारत सरकार द्वारा आयोजित टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद में चल रहे कार्यक्रम की प्रगति जानने के लिए

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ व फील्ड में जाकर किये गये कार्यों की जांच की**

के लिए बुधवार को राज्य स्तर से स्टेट टी0बी0 सैल द्वारा नामित आनंद तिवारी राज्य ए0सी0 एस0 एम0 ऑफिसर द्वारा जनपद का भ्रमण किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये।

राज्य ए0सी0 एस0 एम0ऑफिसर आनन्द तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ पर एवं मरीजों के घर पर जाकर टीबी कार्यक्रम की जमीनी हकीकत जानी,उसके बाद जनपद मुख्यालय पर क्षय



रोग विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की एवं कार्यक्रम की प्रगति के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह द्वारा समस्त विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई एवं स्टाफ को कार्यक्रम को उच्च गुणवत्तापूर्वक बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 कृष्ण कुमार शर्मा, जिला कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा, जिला पी0पी0एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी, मनोज कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे।

# बसपा में पंडित अजेय भारद्वाज को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में धौलाना निवासी पंडित अजेय भारद्वाज को जल्द ही बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चचाएं राजनीतिक गलियारों में तेज हो गई हैं। इसे पार्टी के भीतर उनके बढ़ते कद के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी

**2027 चुनाव से पहले बदल सकते हैं पार्टी के समीकरण**

नेतृत्व, विशेषकर मायावती के हालिया यूजीसी में दिए बयान के बाद बदले सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए संगठन में नए चेहरों को आगे बढ़ा रहा है।

यह कदम आगामी चुनावों के लिए नई रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

बताया जा रहा है कि स्वर्ण समाज के बीच बसपा के प्रति विश्वास बढ़ा है और बड़ी संख्या में लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर







रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह रुझान जारी रहा, तो बसपा का 2007 वाला 'सर्वजन' सामाजिक समीकरण 2027 के चुनाव में फिर से प्रभावी हो सकता है।

पंडित अजेय भारद्वाज हापुड़ जिले के धौलाना स्थित भारद्वाज कॉलोनी के निवासी हैं। वे लंबे समय से बसपा से जुड़े हुए हैं और पार्टी में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र में गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए जाने जाते हैं। स्थानीय स्तर पर उनकी सक्रियता और जनसंपर्क ने उन्हें एक मजबूत जनाधार दिलाया है। यदि पार्टी उन्हें महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी देती है, तो इससे न केवल उनके राजनीतिक कद में वृद्धि होगी, बल्कि बसपा के नए सामाजिक समीकरण को भी मजबूती मिलने की संभावना है।

**विशेष सतर्कता**

## भाईचारे और सद्भावना से मनाए होली पर्व : अवनीश शर्मा

# पवित्र होली और रमजान को लेकर धौलाना प्रशासन बरत रहा है विशेष सतर्कता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ।** थाना धौलाना परिसर में आगामी आ रहे होली और रमजान को लेकर धौलाना थानेदार अवनीश कुमार शर्मा और प्रभारी निरीक्षक दिलशाद चौधरी की पहल पर सीओ पिलखुवा अनीता चौहान और नायब अमरपाल सिंह की

अध्यक्षता में दोनो समुदाय की एक शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया गया। जिसमें दोनों समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

आ रहे होली एवं रमजान को लेकर थाना परिसर में दोनो समुदाय की शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य होली रंग और रमजान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और समय सीमा सुनिश्चित की गई। इस दौरान आयोजित शांति समिति की बैठक में बोलते हुए सीओ अनीता चौहान ने कहा की हमारी सांस्कृतिक धरोहर अमूल्य ओर केहद मजबूत है। वर्षों से भारत राष्ट्र के लोग हर पर्व मिल जुलकर मनाते आए है । इसलिए हर पर्व आपसी सामंजस्य और प्रेम पूर्वक सद्भाव से मनाए जिससे



आपसी भाईचारा और मजबूत हो सके । उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी होली और रमजान में शांति तथा सौहार्द कायम रखने की अपील की। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी जारी की यदि कोई आसामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा उससे कड़ाई से निपटना हमें आता है। इसलिए सभी सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करे । शांति समिति बैठक में बोलते हुए धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने कहा कि अगर कोई माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी । त्योहारों को लेकर धौलाना थाना प्रशासन काफी चौकन्ना है हर छोटी बड़ी घटनाओं पर प्रशासन की पैनी नजर है । उन्होंने पीस कमेटी गठन करने के निर्देश जारी किए । वही बैठक धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद और पूर्व प्रधान सिवाया देवेन्द्र उर्फ देवा शर्मा ने त्यौहार पर विद्युत आपूर्ति निर्बाध सुचारू रखने की अपील की । बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने निर्णय लिया गया कि सभी आगामी त्यौहारों को एकता एवं भाईचारे के साथ मनाया जाये। इस दौरान थाना धौलाना में आए क्षेत्र के गणमान्य लोगों व धर्म गुरुओं से थानेदार अवनीश कुमार शर्मा ने ने भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील की । इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक दिलशाद चौधरी, हल्का धौलाना प्रभारी राहुल पांडेय, दिनेश कुमार झा, पिंटू कुमार,अरुण कुमार चौधरी , भूपेंद्र सिंह, गौरव चौधरी, आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कल शुक्रवार को दिशा की बैठक विकास भवन में होगी आयोजित : सीडीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कल शुक्रवार को जनपद के विकास भवन के सभागार कक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी

- **सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की जायेगी**
- **सभी विभागों के अधिकारी बैठक की तैयारी में जुटे**

समिति(दिशा) की बैठक अमरोहा गढ़मुक्तेश्वर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद कंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद सभी विभागों के अधिकारी बैठक की तैयारी में जुट गये है।

मुख्य विकास अधिकारी



हिमांशु गौतम ने बताया कि 27 फरवरी को दोपहर 2 बजे (दिशा) की बैठक अमरोहा गढ़मुक्तेश्वर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद कंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा बैठक की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि दिशा की बैठक में ग्रामीण विकास विभाग,कृषि एवं किसान कल्याण विभाग,पंचायती राज विभाग,आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय,पशुपालन और डेयरी विभाग,महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

सीडीओ ने बताया कि बैठक में जनपद के विकास से सम्बंधित विभिन्न क्षेत्रों में आ रही समस्याओं का समाधान किया जायेगा,जनता की समस्याओं का भी निपटाया जायेगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के विकास को गति देना व जनता की समस्याओं का समाधान कराना है।

सीडीओ ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दिशा की बैठक में पूरी तैयारी के साथ समय से प्रतिभाग करें।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# यूट्यूब से कमाई का बुलबुला फूट रहा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भारत में तीन दशक पहले डिजिटल क्रांति आई तो भारत कंप्यूटर और इंटरनेट का दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना। वैसे ही डेढ़ दशक पहले सोशल मीडिया की क्रांति हुई तो भारत उसका भी सबसे बड़ा बाजार बना। भारत में अभी फेसबुक, यूट्यूब, गूगल आदि के सबसे ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। इसी तरह दो साल पहले जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की क्रांति हुई उसका भी सबसे बड़ा बाजार भारत बन गया है। भारत में ओपन एआई का इस्तेमाल करने वाले सबसे ज्यादा लोग हैं। जिस तरह से भारत आईटी क्रांति और सोशल मीडिया क्रांति का बाजार बना है उसी तरह एआई क्रांति का भी बाजार बना है। लेकिन अब इस बाजार के डायनेमिक्स बदल रहे है।

अमेरिका की एआई कंपनियों ने मार्केटिंग की दिशा में अगला कदम बढ़ा दिया है। खबर है कि अब उनके एआई प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल मुफ्त नहीं होगा। पहले चरण में इसमें विज्ञापन इंट्रोड्यूस किए जा रहे हैं। एआई का कोई भी प्लेटफॉर्म खोलने पर विज्ञापन चलेगा। अगर किसी को विज्ञापन मुक्त सेवा लेनी है तो उसे सब्सक्रिप्शन लेना होगा। मार्केटिंग का यह तरीका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स द्वारा पहले से आजमाया जाने लगा है। प्रीमियम सर्विस के लिए पैसे देने होते हैं और मुफ्त सर्विस में विज्ञापन चलते हैं। इस विज्ञापन से अरबों डॉलर की कमाई होती है और वह पूरा पैसे अमेरिका जाता है। सोचें, विज्ञापन भारत के उत्पादों का होता है और उनके खरीदार भी भारत के लोग होते हैं। लेकिन उसका विज्ञापन करने वाला प्लेटफॉर्म विदेशी है। पहले विज्ञापन का प्लेटफॉर्म अखबार, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों का होता था। बाद में इसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स शामिल हुए। धीरे धीरे उन्होंने बाजार पर कब्जा करना शुरू किया। सरकारों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन के नए नियम बनाए। आज विज्ञापन का सबसे ज्यादा हिस्सा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को जाता है। उसमें गूगल, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है।

ऐसा नहीं है कि इसका लाभ सिर्फ अमेरिकी कंपनियों ने उठाया। उन्होंने भारत के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स को कमाई का माध्यम भी उपलब्ध कराया। भारत में रील बनाना और डिजिटल कंटेंट बना कर कमाई करना एक वैकल्पिक रोजगार बना। ऐसा रोजगार, जिसमें सरकारों की कोई भूमिका नहीं थी लेकिन पिछले ही साल बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्होंने डाटा इतना सस्ता कर दिया कि लाखों लोग डिजिटल कंटेंट बना कर कमाई कर रहे हैं। उन्होंने रीलबाजी को एक रोजगार बताया। इतना ही नहीं इस साल जब मोदी की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश किया तो उसमें 15 हजार कंटेंट क्रिएशन लैब्स बनाने का प्रावधान किया । सोचें, दुनिया के सभ्य और विकसित देश इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी बनाने के लिए साइंस और टेक्नोलॉजी के लैब्स बना रहे हैं वही भारत में कंटेंट क्रिएशन के लैब बनने है! परंतु इस रोजगार की राह भी अब मुश्किल हो गई है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने दर्शकों और पाठकों तक रीच घटाई है। साथ ही मोनेटाइजेशन को कम किया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर तो पहले भी कम पैसे मिलते थे लेकिन यूट्यूब वीडियोज से लोगों को अच्छी खासी कमाई होती थी। पहले तो इनकी पैरेंट कंपनी मेटा ने वीडियो की लंबाई और गुणवत्ता के आधार पर भुगतान के नए नियम बनाए। इसमें छोटे यानी शॉर्ट वीडियोज और रील्स के लिए भुगतान काफी कम कर दिया। लंबे वीडियो पर अगर दर्शक ज्यादा देर टिकता था तो उसमें ज्यादा भुगतान के नियम बने। इस तरह 30 सेकेंड, तीन मिनट या उससे ज्यादा, 10 मिनट या उससे ज्यादा और 30 मिनट या उससे ज्यादा की अवधि वाले वीडियो की श्रेणियां बनाई गईं। पहले ये कंपनियां अनापशनाप पैसे देती थीं। लेकिन बाद में 10 मिनट का वीडियो अगर 10 हजार लोग देखते हैं तो एक डॉलर का भुगतान होने लगा। अब इसे और कम कर दिया गया है।

# क्लिक के दलदल में फँसा समाज: गालियों से ग्रोथ,शोर से शोहरत



डॉ. सत्यवान सौरभ

डिजिटल दुनिया कभी ज्ञान, संवाद और रचनात्मकता की प्रयोगशाला मानी जाती थी। यह विश्वास था कि इंटरनेट लोकतंत्र को मजबूत करेगा, हाशिये पर खड़े लोगों को आवाज देगा और असली प्रतिभा को पहचान दिलाएगा। लेकिन आज जब हम स्क्रीन पर उँगली चलाते हैं, तो एक अलग ही सच सामने आता है। यहाँ हुनर से ज्यादा हंगामा बिकता है, विचार से ज्यादा विवाद और मेहनत से ज्यादा मीम। फेसबुक और इस्ट्राग्राम जैसे मंचों पर वायरल होना सफलता की कसौटी बन चुका है। सवाल यह नहीं कि लोग मशहूर क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि हम किस तरह की मशहूरी को पुरस्कार बना रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म का पूरा ढांचा ध्यान के व्यापार पर टिका है। जितनी देर आप स्क्रीन पर टिके रहेंगे, उतना अधिक मुनाफा पैदा होगा। इस गणित में शोर सबसे सस्ता और असरदार हथियार है। ऊँची आवाज, उग्र भाषा, भड़काऊ हावभाव और अति-नाटकीयता – यही वह मुद्रा है जिसे एल्गोरिद्म सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। जो व्यक्ति ठहराव से, तर्क से और संयम से बात करता है, वह भीड़ में गुम हो जाता है, जबकि तमाशा करने वाला मंच के बीचोंबीच बैठा होता है।

यह केवल कंटेंट की समस्या नहीं है, बल्कि प्रोत्साहन की है। जब प्लेटफॉर्म वही दिखाते हैं जो क्लिक दिलाता है, तो रचनाकार भी वही बनाने को मजबूर होता है। इस दौड़ में गुणवत्ता पीछे छूट जाती है और उत्तेजना आगे बढ़ती जाती है। धीरे-धीरे यह एक आदत बन जाती है, और आदत अंततः संस्कृति में बदल जाती है।

कभी हुनर का अर्थ था – अभ्यास, अनुशासन और धैर्य। आज हुनर का मतलब है ट्रेंड पकड़ लेना। कोई सड़क पर नाचकर मशहूर है, कोई गालियाँ देकर ह्यबोल्डह्न कहलाता है, कोई निजी जीवन को सार्वजनिक तमाशा बनाकर रियल होने का दावा करता है। असली प्रश्न यह नहीं कि ये लोग क्यों देखे जा रहे हैं, बल्कि यह है कि समाज किस तरह के आदर्श गढ़ रहा है।

यह नया मापदंड युवाओं के मन में एक खतरनाक संदेश बैठा रहा है – कि शॉर्टकट ही सफलता है। अगर आप शांत हैं, तो आप उबाऊ हैं। अगर आप गहरे हैं, तो आप अप्रासंगिक हैं। यह सोच न केवल कला और ज्ञान का अपमान है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जहरीली है। युवा खुद को लगातार तुलना के आईने में देखने को मजबूर है, जहाँ आत्मसम्मान लाइक्स और व्यूज की संख्या से तय होता है।

डर इस बात का है कि आने वाली पीढ़ी किताबें ज्ञान के लिए नहीं, बल्कि कंटेंट के लिए पढ़े। इतिहास, साहित्य और दर्शन अब सीखने के साधन नहीं, बल्कि विवाद पैदा करने की सामग्री बनते जा रहे हैं। लंबी सोच, संदर्भ और नैतिकता – इन सबको बोरिंग कहकर किनारे किया जा रहा है। जबकि सच यह है कि ज्ञान कभी त्वरित नहीं होता। वह समय मांगता है, धैर्य मांगता है और असहज सवालों से जूझने की ताकत मांगता है।



आज सच बोलने वाले के पास अक्सर सन्नाटा होता है। उसकी बातों में सनसनी नहीं होती, उसके निष्कर्ष तुरंत तालियाँ नहीं बटोरते। दूसरी ओर, तमाशा करने वालों के पास मेला होता है – लाइक्स, शेयर, फॉलोअर्स और ब्रांड डील्स। यह असंतुलन खतरनाक है, क्योंकि समाज शोर से नहीं, संवाद से आगे बढ़ता है। जब संवाद की जगह शोर ले लेता है, तो बहस तमाशा बन जाती है और असहमति दुश्मनी।

युवावर्ग इस पूरे परिदृश्य में सबसे ज्यादा उलझन में है। एक ओर रोजगार की अनिश्चितता, दूसरी ओर डिजिटल चमक का झूठा वादा। उसे बताया जा रहा है कि पहचान पाने का सबसे तेज रास्ता विवाद है। मेहनत, अध्ययन और धैर्य – ये सब धीमे रास्ते हैं, जबकि दुनिया तुरंत नतीजे चाहती है। इस जल्दबाजी की कीमत युवा थकान, अकेलेपन और अंदरूनी खालीपन के रूप में चुका रहा है।

अक्सर यह मान लिया जाता है कि प्लेटफॉर्म तटस्थ हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि एल्गोरिद्म नैतिक नहीं होते। वे केवल लक्ष्य देखते हैं, और लक्ष्य है – अधिक समय, अधिक ध्यान। इसलिए वे वही दिखाते हैं जो हमें बाँधे रखे, चाहे वह नफरत हो, झूठ हो या खोखला मनोरंजन। ऐसे में ज़िम्मेदारी केवल प्लेटफॉर्म की नहीं, हमारी भी है। हम जो देखते हैं, वही बढ़ता है। हम जिसे साझा करते हैं, वही फैलता है।

इस सर्कस से बाहर निकलने का रास्ता कोई त्वरित समाधान नहीं है। यह एक धीमी लेकिन जरूरी क्रांति है। डिजिटल साक्षरता, गहरी सामग्री को सम्मान, ईमानदार रचनाकारों का समर्थन और अपने देखने-साझा करने के चुनावों के प्रति सजगता – यही वह रास्ता है जिससे दिशा बदली जा सकती है। असहमति को शालीनता के साथ जगह देना और तर्क को ट्रोलिंग पर तरजीह देना भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा है। डिजिटल संसार का सर्कस बन जाना महज एक टिप्पणी नहीं, बल्कि चेतावनी है। सर्कस मनोरंजन देता है, दिशा नहीं। समाज को दिशा चाहिए – ज्ञान से, विवेक से और नैतिक साहस से। अंततः सवाल युवाओं से ही है: आप इस मेले का हिस्सा बनना चाहते हैं, या उस सन्नाटे के गवाह – और वाहक – जो सच के लिए जरूरी है?

फैसला आज का है, असर आने वाले कल पर पड़ेगा। शोर आसान है, अर्थ गढ़ना कठिन। लेकिन इतिहास हमेशा उन लोगों को याद रखता है, जिन्होंने कठिन रास्ता चुना।

## तुम चाहोगे तो

तुम चाहोगे तो टीवी और अखबार बदल दोगे,
तुम चाहोगे तो सड़क और अस्पताल बदल दोगे,
तुम चाहोगे तो शिक्षा और रोजगार बदल दोगे,

तुम चाहोगे तो किसानों के हालात बदल दोगे,
तुम चाहोगे तो मजदूरों का शोषण नहीं होगा,
तुम चाहोगे तो बहन-बेटियों पर अत्याचार नहीं होगा,

तुम चाहोगे तो कोई युवा बेरोजगार नहीं होगा,
तुम चाहोगे तो बिजली-पानी का अभाव नहीं होगा,
तुम चाहोगे तो कॉलेज और अस्पताल सब कुछ होगा,

तुम चाहोगे तो भ्रष्टाचार-मुक्त देश होगा
सारी समस्याओं का कारण भी तुम हो, निवारण भी तुम,
अपनी वोट की कीमत समझो, देश के जिम्मेदार भी तुम हो ,

तुम चाहोगे तो ये हालात बदल दोगे,
तुम चाहोगे तो ये सरकार बदल दोगे।



महेश कुमार प्रजापति

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# जैसे-जैसे एआई स्वास्थ्य सेवा में प्रवेश कर रहा है, डॉक्टर सुरक्षा और निगरानी से जूझ रहे हैं



डॉ. विजय गर्ग

स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से एकीकरण चिकित्सा के तरीके को बदल रहा है। बीमारियों का निदान करने से लेकर रोगी के परिणामों की भविष्यवाणी करने तक, एआई-संचालित उपकरण दुनिया भर में अस्पतालों और क्लीनिकों को नया रूप दे रहे हैं। फिर भी, जैसे-जैसे यह प्रौद्योगिकी आगे बढ़ रही है, डॉक्टर और स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां सुरक्षा, जवाबदेही और निगरानी के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्नों से जूझ रही हैं।

**चिकित्सा में एआई का वादा**

एआई प्रणालियां पहले से ही चिकित्सा छवियों का विश्लेषण करके और उन पैटर्नों का पता लगाकर रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी और कार्डियोलॉजी में सहायता कर रही हैं जो मानव आंखों के लिए अदृश्य हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, मेयो क्लिनिक और जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में शोध पहलों ने यह प्रदर्शित किया है कि किस प्रकार एआई कैंसर का शीघ्र पता लगाने और जोखिम की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है।

गूगल हेल्थ जैसी कंपनियां ऐसे एल्गोरिदम विकसित कर रही हैं जो उल्लेखनीय सटीकता के साथ मधुमेह रेटिनोपैथी और अन्य स्थितियों की पहचान करने में सक्षम हैं। कई मामलों में, एआई प्रणालियां किसी भी मानव टीम की तुलना में विशाल डेटासेट को तेजी से संसाधित करती हैं, जिससे संभावित रूप से नैदानिक त्रुटियां कम होती हैं और जीवन बचता है।

**सुरक्षा संबंधी चिंताएं और नैदानिक जोखिम**

इन लाभों के बावजूद, डॉक्टर सतर्क बने हुए हैं। एआई प्रणालियों को ऐतिहासिक डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, जिसमें पूर्वाग्रह हो सकते हैं।

यदि डेटा में विविधता का अभाव है, तो एल्गोरिथ्म कुछ आबादी के लिए खराब प्रदर्शन कर सकता है। इससे गलत निदान या असमान उपचार परिणाम हो सकते हैं।

एक अन्य प्रमुख चिंता "ब्लैक बॉक्स" समस्या है। कई एआई मॉडल, विशेष रूप से डीप लर्निंग सिस्टम, स्पष्ट रूप से यह बताए बिना परिणाम प्रदान करते हैं कि वे किस प्रकार निष्कर्ष पर पहुंचे। साक्ष्य और तर्क पर निर्णय लेने के लिए प्रशिक्षित चिकित्सकों के लिए, अपारदर्शी प्रणाली पर निर्भर रहना नैतिक और व्यावसायिक दुविधाओं को जन्म देता है।

इसके अलावा, एआई अनुशंसाओं में त्रुटियों के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उपभोक्ता प्रौद्योगिकी के विपरीत, स्वास्थ्य सेवा में गलतियाँ सीधे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं। डॉक्टरों को यह तय करना होगा कि कब एआई आउटपुट पर भरोसा किया जाए और कब उन्हें ओवरराइड किया जाए।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – मकान के सुख में कमी आ सकती है, ड्राइवर है तो टूर पर जाएंगे, नौकरी में बॉस से बना कर रखे, स्त्री केस कर सकती है। भाग्य प्रतिशत-55

**वृषभ** – वैवाहिक जीवन की शुरूआत होगी, बहुत अधिक अपेक्षा रहेगी, ऊंचे स्थान पर जाना हो सकता है, गर्भवती पत्नी को कुछ परेशानी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-65

**मिथुन** – पिता की जगह पर कुछ निर्माण कराने की इच्छा होगी, परिवार को अच्छे जीवन देने के लिए परिश्रम करेंगे, पुराना वाहन सोच समझकर ले। भाग्य प्रतिशत- 58

**कर्क** – बाहर जाना होगा, जमीन मकान खरीदने की योजना रहेगी, शारीरिक एवं मानसिक परेशानी सम्भव है, गुरु की सलाह काम आयेगी। भाग्य प्रतिशत-65

**सिंह** – संतान को लेकर डॉक्टर के पास जाना होगा, शरीर के निचले हिस्से में परेशानी आ सकती है, व्यवसाय चलाने में सरकारी परेशानी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-52

**कन्या** – बैंक सम्बन्धी कोई केस हो सकता है, बच्चे की कस्टडी मिलने से रह सकती है, वाहन चलाते समय ध्यान रखे, रिश्तेदार से मुलाकात होगी। भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** – अपनी फिटनेस पर ध्यान देंगे, मशीनरी कार्य करते समय हाथ में चोट लग सकती है ध्यान रखें, हृदय रोग सर्जन देर रात्रि ऑपरेशन में व्यस्त रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-54


**वृश्चिक** – लोगों से सहयोग मिलेगा, कानून कार्य में तेजी आयेगी, घरेलू विवाद शांत होगा, धन के रास्ते खुलेंगे। भाग्य प्रतिशत-64

**धनु** – धन की कमी दूर होगी, परिवार की सुरक्षा के लिए अच्छे प्रयास करेंगे, पत्नि के परिवार से सहयोग मिलेगा, घर में जानवर का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-58

**मकर** – सुख की प्राप्ति होगी, लोगों का भरोसा आपकी और बढ़ेगा, उत्तेजना का ध्यान रखें, मीडिया, फैशन, फोटोग्राफर, इंटीरियर डिजाइनर का कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-71

**कुंभ** – प्रोफेशनल कोर्स को गम्भीरता से पढ़ें, दांत,आंख, गला, की परेशानी हो सकती है, एक्सपोर्ट कार्य में पैसा रुक सकता है। भाग्य प्रतिशत-55


**मीन** – संतान की प्रगति से खुशी होगी, मोतियाबिन्द का ऑपरेशन करवा सकते है, चांदी, स्वर्ण,आयुर्वेदिक दवा व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# बीजेपी से नाराज ब्राह्मणों पर सभी दलों का दांव



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की राजनीति में बीस साल लंबा वक्त होता है. इतने समय में चेहरे बदलते हैं, नारे बदलते हैं, गठबंधन टूटते-बनते हैं, लेकिन कुछ बुनियादी सच जस के तस रहते हैं. जाति, सामाजिक संतुलन और सत्ता तक पहुंचने की जद्दोजहद. साल 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग ने सत्ता का ताला खोला था, करीब दो दशक बाद वही प्रयोग बदले पैकेज में फिर लौटता दिख रहा है. फर्क बस इतना है कि अब हालात ज्यादा जटिल हैं, मतदाता ज्यादा सजग हैं और सियासी खिलाड़ी एक-दूसरे की चाल पहले से बेहतर समझते हैं.2027 के विधानसभा चुनाव को अभी वक्त है, लेकिन मैदान अभी से सज चुका है. हर दल अपने-अपने स्तर पर उस वोट बैंक की तलाश में है, जो सत्ता की सीढ़ी का आखिरी पायदान बन सकता है. इस पूरी कवायद के केंद्र में एक बार फिर ब्राह्मण वोटर आ खड़ा हुआ है. उत्तर प्रदेश की आबादी में करीब बारह फीसदी हिस्सेदारी रखने वाला यह वर्ग लंबे समय से किसी एक पार्टी का स्थायी वोट बैंक नहीं रहा. कभी सत्ता के साथ, कभी असंतोष में, कभी खामोशी से और कभी मुखर होकर इस वर्ग ने सियासत की दिशा बदली है.

करीब उन्नीस साल पहले बहुजन राजनीति की अगुआ मायावती ने दलित-ब्राह्मण गठजोड़ का जो प्रयोग किया था, उसने यह साबित कर दिया था कि अगर सामाजिक समीकरण सधे हों तो सियासी गणित ध्वस्त भी हो सकता है. 2007 की जीत उसी प्रयोग की देन थी. लेकिन समय के साथ वही फामूर्ला कमजोर पड़ता गया. दलित-मुस्लिम समीकरण आजमाया गया, फिर दोबारा ब्राह्मणों की ओर हाथ बढ़ाया गया, लेकिन बीएसपी का जनाधार सिमटता चला गया. 2022 में पार्टी एक सीट पर आ गई. यह गिरावट खुद बताती है कि सिर्फ नारे और प्रतीक काफी नहीं होते, जमीन पर भरोसा भी चाहिए.इसी बदले हुए माहौल में सोशल इंजीनियरिंग 2.0 की चर्चा शुरू हुई है. इस बार प्रयोग सिर्फ एक दल नहीं कर रहा. समाजवादी पार्टी, बीएसपी, बीजेपी और उनके सहयोगी सभी अपने-अपने तरीके से ब्राह्मण वोटर की नब्ज टटोल रहे हैं. फर्क यही है कि अब दलित वोटर को केंद्र में रखने के बजाय कई जगह ओबीसी वोटर को मुख्य धुरी बनाया जा रहा है और ब्राह्मण को उसके साथ जोड़ने की कोशिश हो रही है।

इस पूरी सियासत में सबसे दिलचस्प और आक्रामक एंट्री हुई है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की. पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने आजमगढ़ से जो संदेश दिया है, वह सिर्फ एक रैली भर नहीं है. आजमगढ़ वही इलाका है, जिसे समाजवादी पार्टी का अभेद्य किला माना जाता रहा है।

यहां से मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव सांसद रह चुके हैं. आज भी जिले की सभी विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है. ऐसे इलाके में ब्राह्मणों की बड़ी रैली करना सीधे तौर पर सपा के सामाजिक आधार को चुनौती देना है.राजभर की रैली में ब्राह्मण समाज के सम्मान की बात हुई, परशुराम और सुहेलदेव के नारे लगे, यूजीसी के नए नियमों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक के मुद्दे उठे. संदेश साफ था कि यह सिर्फ भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे, नौकरीपेशा और प्रभावशाली ब्राह्मण वर्ग को भरोसा देने की कोशिश है. मंच से यह भी जताया गया कि न्याय और सम्मान की लड़ाई में सरकार और अदालत दोनों दरवाजे खुले हैं. यह भाषा सीधे उस वर्ग से संवाद करती है, जो खुद को दिशा देने वाला मानता है। इस रणनीति का एक और पहलू है. राजभर का निशाना बार-बार समाजवादी पार्टी पर रहा. संदेश यह कि आजमगढ़ में जो भीड़ जुटी है, वह सिर्फ समर्थन देने नहीं, बल्कि सपा के दबदबे को तोड़ने आई है. यह दावा जितना राजनीतिक है, उतना ही मनोवैज्ञानिक भी. चुनाव से पहले अगर किसी क्षेत्र में यह धारणा बन जाए कि मुकाबला अब एकतरफा नहीं रहा, तो वोटर का व्यवहार बदलने लगता है.उधर, समाजवादी पार्टी भी हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठी. पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का जो फॉमूर्ला लोकसभा चुनाव 2024 में असरदार साबित हुआ, उसी को आगे बढ़ाने की तैयारी है. लेकिन साथ ही ब्राह्मणों के बीच संदेश देने की कोशिशें भी दिख रही हैं. विधानसभा में नेता विपक्ष के तौर पर माता प्रसाद पांडेय की नियुक्ति, पूर्वांचल के प्रभावशाली ब्राह्मण परिवारों से मुलाकातें और सोशल मीडिया के जरिए दिए जा रहे संकेत इसी दिशा में पढ़े जा रहे हैं। बीजेपी के लिए स्थिति और भी नाजुक है. सत्ता में होने के फायदे हैं, लेकिन एंटी-इनकंबेंसी का दबाव भी. पार्टी के भीतर ब्राह्मण बनाम ठाकुर की चचाएं सामने आ चुकी हैं. कुछ ब्राह्मण विधायकों की बैठक और उस पर नेतृत्व की नाराजगी ने साफ कर दिया कि अंदरखाने खींचतान है. बरेली से लेकर प्रयागराज तक सामने आए विवादों ने इस असंतोष को और हवा दी. यही वजह है कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जैसे चेहरे प्रतीकात्मक कदमों के जरिए ब्राह्मण समाज को साधने की कोशिश करते नजर आए.कांग्रेस इस पूरी बहस में अपेक्षाकृत खामोश है. एक तरफ राहुल गांधी की ओबीसी राजनीति, दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की मजबूरी. कभी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों की पहली पसंद रही कांग्रेस अब असमंजस में दिखती है. क्या वह दोबारा उस वर्ग की ओर खुले मन से लौट पाएगी, या मौजूदा लाइन पर ही चलेगी, यह वक्त बताएगा.

असल सवाल यह है कि क्या ब्राह्मण वोट बैंक आज भी किसी सोशल इंजीनियरिंग का निर्णायक आधार बन सकता है. आंकड़े बताते हैं कि सवर्ण आबादी करीब बीस फीसदी है, जिसमें ब्राह्मण सबसे बड़ा हिस्सा हैं. लेकिन यह वोट हमेशा जाति के आधार पर एकजुट नहीं होता. उम्मीदवार, क्षेत्रीय समीकरण, स्थानीय मुद्दे और सत्ता का माहौल सब मिलकर फैसला तय करते हैं. यही कारण है कि ब्राह्मण राजनीति जोखिम भरी भी है और जरूरी भी.2027 की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश में सियासत अब सिर्फ नारों की नहीं, बल्कि धैर्य, संगठन और भरोसे की परीक्षा बनती जा रही है. सोशल इंजीनियरिंग 2.0 का शोर तेज है, लेकिन उसका नतीजा इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सा दल प्रतीकों से आगे जाकर जमीनी हकीकत को साध पाता है. ब्राह्मण वोटर इस बार भी निर्णायक हो सकता है, लेकिन किसके पक्ष में, यह अभी पूरी तरह खुला सवाल है।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने अवैध गैस रिफलिंग का किया भंडाफोड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (सय्यद अतहर अली)।** प्रशासन ने अवैध गैस रिफलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम चिमयावली में चल रहे गैरकानूनी कारोबार का पदार्फाश किया है। सुधीर कुमार सोनी सिटी मजिस्ट्रेट संभल को प्राप्त सूचना के आधार पर बुधवार छापेमारी की गई।




छापेमारी के दौरान सुबहान अली पुत्र पप्पू, निवासी ग्राम चिमयावली द्वारा अवैध रूप से गैस रिफलिंग का कार्य संचालित करते हुए पाया गया। हैरानी की बात यह रही कि आरोपी परचून की दुकान के साथ-साथ गैस रिफलिंग और मुर्गा मीट शॉप भी चला रहा था। मौके पर लगभग 15 से 16 घरेलू गैस सिलेंडर, दो छोटे सिलेंडर तथा गैस रिफलिंग से संबंधित उपकरण बरामद किए गए। अधिकारियों ने जब सुबहान अली से गैस रिफलिंग के संबंध में वैध दस्तावेज और लाइसेंस के बारे में पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्ति निरीक्षक को तत्काल मौके पर बुलाया गया। इसके बाद अंकित कुमार अवस्थी एवं ललित कुमार, पूर्ति निरीक्षक संभल, मौके पर पहुंचे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# साप्ताहिक बंदी: बाजार बंदी की उड़ रही है धज्जियां,पालन कराने में अधिकारी नाकाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शिकारपुर में साप्ताहिक बंदी का दुकानदारों द्वारा जमकर मखौल उड़ाया जा रहा है। बंदी को लेकर श्रम विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। नगर में साप्ताहिक बंदी का खुला उल्लंघन किया जा रहा है बेखौफ व्यापारी इस साप्ताहिक बंदी पर भी लगातार दुकान खोल रहे हैं। शिकारपुर में बुधवार को साप्ताहिक बंदी का दिन प्रशासन द्वारा तय है । लेकिन यहां के सैकड़ों दुकानदार दूसरे दुकानदार की देखा देखी मैं अपनी अपनी दुकानों को खोलकर साप्ताहिक बंदी का मजाक बना रहे हैं । कुछ दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी मैं जब कोई दुकानदार चोरी-छिपे अपनी दुकान खोलता है तो फिर दूसरे दुकानदार को भी अपनी दुकान खोलने का लालच आ जाता है । जिसके चलते देखा देखी मैं फिर सारा बाजार खुले जाया है । दुकानदारों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पूर्ण रुप से पालन होना चाहिए ताकि कोई भी दुकानदार दुकान ना खोल सके । दुकानदारों का यह भी कहना है कि 1 सप्ताह में एक बार बाजार पूर्ण रूप से अवश्य बंद हो ताकि दुकानदार जिस दिन अपनी रिश्तेदारी या बाहर से जाकर अपना सामान ला से या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने जा सके ।बुधवार को भी नगर के बाजार गुलजार रहे और



दुकानदार बिना किसी को के अपना कारोबार करते नजर आए। बुधवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए घोषित है। इस दिन साप्ताहिक बंदी घोषित की गई थे इसी दिन से अधिकारियों ने दुकान खोलने वाले दुकानदारों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए चालान काट डाले थे। इससे दुकानदारों में प्रशासन का खौफ पैदा हो गया था मगर कुछ महीने बीतने के बाद यह शक्ति नरम होती चली गई। इसके चलते दुकानदारों के मन में भी प्रशासन का खौफ खत्म हो गया अब साप्ताहिक बंदी के दिन नगर के बाजार गुलजार रहते हैं जब उच्च अधिकारियों का ज्यादा दबाव पड़ता है तो अधिकारी नींद से जागते हैं और बाजारों में घूम कर एकाध दुकानदार का चालान कर अपने काम की इतिश्री कर लेते हैं इस संबंध में श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों का उत्पीड़न व शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बंदी में दुकान खोलने वाले व्यापारियों पर कठोर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पानी की टंकी बनी ईलना के ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल, सड़कें खोद डाली, तीन साल में भी टंकी सूखी, प्यासे गांव वाले नव निर्मित टंकी रिस रही है, भृष्टाचार का बोलबाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम ईलना में बनाई जा रही पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन कर रह गई है। तीन साल में भी टंकी सूखी है ग्राम की तमाम सड़कें खुदी पड़ी हैं। नव निर्मित टंकी में हाल ही में पानी भरा गया तो टंकी में जगह जगह से रिसाव शुरू हो गया। ग्रामीणों ने टंकी रिसाव का कारण टंकी निर्माण में घटिया सामग्री लगाये जाने और भृष्टाचार का बोलबाला बताया है।



प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्रामीण लोगों को स्वच्छ जल मुहिया कराने के उद्देश्य से विकास खंड जहांगीराबाद तहसील स्याना के गांव ईलना में पानी की टंकी बनाने का काम किसी बौबी चौधरी नामक ठेकेदार को दिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि तीन साल से पाइप लाइन बिछाई जा रही है। तमाम सीसी रोड और नालियों में तोड़फोड़ करने से राह चलना भी दुश्वार हो गया है। टंकी निर्माण में घटिया सामग्री लगाये जाने से जगह जगह रिसाव हो रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है। ग्राम प्रधान योगेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत टंकी निर्माण कार्य लंबे समय से लटका चला आ रहा है। सड़कों नालियों की दुर्दशा हो गई लेकिन पानी आज तक भी नहीं मिला। ठेकेदार का कहना है कि पैकिंग सूख गयी है जिसके कारण पानी रिस रहा है। टंकी एक साल पहले बना दी गई है।

# बेटा ही निकला मां का कातिल,पुलिस ने किया खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** बुधवार 24फरवरी को बबराला पुलिस और मुरादाबाद के सिविल लाइन थाने की संयुक्त टीम ने सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए चौंकाने वाला सच सामने रखा है। पुलिस के अनुसार, चुनावी रंजिश में पुत्र ने ही अपनी मां की गोली मारकर हत्या की और विरोधियों को फंसाने के लिए मुकदमा दर्ज करा दिया। घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई तथा क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू के निर्देशन और थानाध्यक्ष बबराला सौरभ त्यागी के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मामले का खुलासा किया।



**ऐसे खुला राज**

ग्राम पहलवाड़ा निवासी पवन पुत्र राजेन्द्र की तहरीर पर कई नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में उच्चाधिकारियों के आदेश पर विवेचना थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद को स्थानांतरित कर दी गई। जांच के दौरान साक्ष्यों और पूछताछ में सामने आया कि वादी पवन कुमार ने ही अपनी मां प्रेमवती की गोली मारकर हत्या की थी।

पुलिस के मुताबिक, 24 फरवरी 2026 को पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर ग्राम पहलवाड़ा के पास एक नलकूप से घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया गया।

**पूछताछ में कबूल किया अपराध**

आरोपी ने बताया कि गांव की राजनीतिक रंजिश और प्रधान पद को लेकर विवाद चल रहा था। एक मामूली कहासुनी के बाद माहौल गरमाया। विरोधी पक्ष को फंसाने की नीयत से पहले हवाई फायर किया और फिर खुद 307 का मुकदमा दर्ज कराने के उद्देश्य से गोली चलाई, जो उसकी मां के सीने में लग गई। बाद में विरोधी पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया।

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के ओरल इंप्लांटोलॉजी विभाग द्वारा कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रायोगिक हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें संस्थान के दंत चिकित्सक एवं एम.डी.एस के विद्यार्थी शामिल थे। जो उन्नत इंप्लांटोलॉजी तकनीकों में अपने क्लीनिकल कौशल को विकसित करने के इच्छुक थे। कार्यशाला प्रतिष्ठित कॉर्टिको-बेसल इम्प्लांटोलॉजिस्ट प्रो. डॉ. सचिन देव, डॉ.आशीष सेठी एवं डॉ. हरमनप्रीत कौर द्वारा संचालित की गई।





उन्होंने कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी तथा इमीडिएट लोडिंग प्रोटोकॉल्स पर प्रतिभागियों के साथ अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेसल एवं कॉर्टिकल इंप्लांटोलॉजी की उन्नत अवधारणाओं को स्पष्ट करना था। जिससे जटिल परिस्थितियों में बेहतर उपचार किया जा सकें।

# भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन द्वारा मलका पार्क में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लता ठाकुर व संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम सिद्दीकी ने किया बैठक में संगठन को मजबूत करने पर बल दिया उसके बाद जिला कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय ज्ञापन सिटी मैजिस्ट्रेट को दिया । ज्ञापन मे कहा है कि फसल का सही दाम (MSP की गारंटी), किसान मेहनत करता है साल भर लेकिन फसल बिकती है औने-पौने दाम पर। जरूरत है टरढ को कानून बनाकर हर किसान को सुरक्षा देने की । महंगी खेती, सस्ता किसान बीज महंगा, खाद महंगी, डीजल महंगा, लेकिन किसान की



आमदनी वही पुरानी। खेती की लागत कम करी जाए । आवारा पशुओं का घूमना सरकार ने गौशाला बनाई लेकिन आवारा पशु आज भी फसलों को नष्ट कर रहे हैं आवारा पशुओं को गौशाला में भेजा जाए। किसान आयोग का गठन होना चाहिए और उस आयोग में किसानों को ही पदाधिकारी बनाना चाहिए जिससे किसान किसान की समस्याओं को दूर कर सके। युवाओं का खेती से दूर होना, आज का युवा खेती से दूर होता जा रहा है कारण जब खेती में फायदा नहीं होगाङ्खतो युवा खेती क्यों करेगा टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग से खेती को फायदेमंद बनाना होगा इस मौके पर महिमा शर्मा डॉ प्रमेंद्र तोमर अमरीश भारद्वाज, रिहान साबरी, फैसल मेवाती, मोनिस मेवाती, क्षमा शर्मा शालिनी शर्मा,प्रीति शर्मा ,अन्नू झा, लव कुश, नवीन गर्ग, कुश सिरोही, दीपक पुंडीर, प्रशांत चौधरी,अमित चौधरी,धर्मवीर सिंह दीपक चौधरी अनिल अग्रवाल,आदि लोग मोजूद रहे।

# राष्ट्रीय किसान यूनियन ने की मासिक पंचायत कर क्षेत्रीय समस्याओं को उठाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुल हक)।** राष्ट्रीय किसान यूनियन ने बुधवार को कस्बे की बड़ी ईदगाह पर एक मासिक पंचायत का आयोजन किया। जिसमे किसानों व क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके जल्द समाधान की मांग की।



यूनियन के राष्ट्रीय महा सचिव शाहिद प्रधान ने बताया कि पंचायत में एसडीएम आवास के पीछे बनी कॉलोनी में विद्युत व्यवस्था किये जाने, कस्बे से विद्युत अधिकारियों के कार्यालय को हटा दिया गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जल्द फिर से यहां कार्यालय शुरू किये जाने। भूमि अधिग्रहण 2013 कानून लागू कर ही भूमि अधिग्रहण किया जाने आदि मांगों को रखा गया। इस मौके पर रियाजुद्दीन, सरताज, दीनू, कमल, नूर हसन, रहिस, दिलसाद, यूनुस, कदीर साबरी आदि मौजूद रहे।

# एबीसी किड्ज में मेडिटेशन सत्र, शिक्षिकाओं को दिए मानसिक स्वास्थ्य के टिप्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** मंगलवार को एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में जायंट ग्रुप ऑफ चंदौसी एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मेडिटेशन (ध्यान) कक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि फरवरी 2026 में रोटरी क्लब भारत सहित विश्व स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और समग्र भलाई के लिए ध्यान एवं योग सत्रों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में यह कक्षा आयोजित की गई।



मेडिटेशन सत्र रोटेरियन अंकित वार्ष्णेय द्वारा कराया गया। उन्होंने बताया कि ध्यान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह तनाव कम करने, एंग्जायटी व डिप्रेशन घटाने तथा भावनात्मक स्थिरता बढ़ाने में सहायक है। नियमित अभ्यास से एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्म-जागरूकता में सुधार होता है। साथ ही अच्छी नींद, ब्लड प्रेशर नियंत्रण और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने में भी मदद मिलती है।

सत्र के दौरान अध्यापिकाओं को सही पोस्चर, श्वास नियंत्रण (प्राणायाम), गाइडेड मेडिटेशन, मंत्र जाप और साक्षी भाव जैसी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से मानसिक स्पष्टता और आत्मसंयम विकसित होता है। कार्यक्रम में काजल, प्रिया, सिल्की, इशिता, मनप्रीत, रक्षा, दीपा, वंशिका, अध्या, शिल्पा, अर्शी, कुमुद, शालू, निशा, सोनल, सरिता, नीरज, मीनू, दीक्षा, गौरव, दिया, वंशिता, हुमा, दीपिका, रूपाली, संतोष, रक्षा सहित सभी अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सभासदों ने ईओ को सौपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** शिकारपुर नगर पालिका परिषद के 17 सभासदों द्वारा दो दिन पूर्व बजट की आगामी बोर्ड मीटिंग से पहले बजट की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने के लिए जो ज्ञापन दिया था । उसके जवाब में अधिशासी



अधिकारी नीतू सिंह ने गोपनीय दस्तावेज कहकर बजट की प्रति न देने की बात कही। जबकि नियम अनुसार बजट की कॉपी सभासदों को देने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके जवाब में बुधवार को ज्ञापन फिर से अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह को नगर पालिका परिषद के सदस्यों ने दिया।

### रंगभरी एकादशी पर शोभायात्रा 27 को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कस्बा स्थित नागा कुटी से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंग भरनी एकादशी पर 27 फरवरी को श्री श्री 108 काशी नाथ बाबा की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई नागा कुटी पर संपन्न होगी। शोभायात्रा में आधा दर्जन झांकियां आकषेक का केंद्र रहेंगी ।महंत नरेश आनंद गिरी ने सभी भक्तजनों से शोभायात्रा में उपस्थिति देकर पुणय के भागीदारी बने ।

### फार्म हॉउस से हजारों का सामान चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर ।** जेवर के डुढेरा रोड स्थित एक फार्म हॉउस से चोरों ने दो दिन लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामला दो सप्ताह पहले का है। पीड़ित ने उसी समय पुलिस से शिकायत की। अब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मौहल्ला सल्लियान निवासी संजय कुमार में बताया कि वह फिलहाल ग्रेटर नोएडा के परीचौक के पास रहते हैं। उनका कस्बे के ही डुढेरा रोड पर कंचन नाम से एक फार्म हॉउस बना हुआ है। 9 व 10 फरवरी की रात अज्ञात चोर उनके फार्म हॉउस में जा घुसे और वहां से कॉपर की वायर, मोटर, आदि करीब 80 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने दोनों दिन इसकी सूचना पुलिस को दी थी। अब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

**विवाद गहराया**

## धन और राजनीतिक प्रभाव से मांग को कुचलने का प्रयास

# सेक्टर 15A नोएडा के अधिकांश निवासी की मंदिर निर्माण मांग पर विवाद गहराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर 15A के अधिकांश वासियों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि वे 1986 के मास्टर प्लान में धार्मिक उपयोग हेतु निर्धारित भूमि पर मंदिर निर्माण के पक्ष में पूरी तरह एकजुट हैं। यह मांग कोई नई नहीं है अपितु पिछले लगभग 30 वर्षों से निवासी लगातार इस विषय को उठाते रहे हैं, और यह भूमि 40 वर्षों से अधिक समय से धार्मिक स्थल हेतु चिह्नित है। यह स्थल लगभग 0.9 हेक्टेयर का है, जैसा कि मास्टर प्लान में स्पष्ट रूप से अंकित है, और इसका वृंदावन पार्क से कोई संबंध नहीं है। सरकार ने पूरी पारदर्शिता और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत, पूर्ण भुगतान के आधार पर सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की है। वर्तमान में मामला उत्तर प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

**ग्रीन कवर पर भ्रम फैलाने का प्रयास निराधार**

सेक्टर में कुल लगभग 80,000 वर्ग मीटर हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर) 11 पार्कों और ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित है। मंदिर के लिए निर्धारित भूमि लगभग 300 वर्ग मीटर मात्र है, जो कुल हरित क्षेत्र का 0.2 प्रतिशत से भी कम है। स्पष्ट रूप से यह भूमि किसी सक्रिय पार्क या सार्वजनिक हरित क्षेत्र का हिस्सा नहीं है।




हरित क्षेत्र को लेकर जो आशंकाएँ प्रस्तुत की जा रही हैं, वे तथ्यों से परे और भ्रामक हैं।

**बहुमत का स्पष्ट समर्थन**

लगभग 900 परिवारों वाले इस सेक्टर में केवल लगभग 26 परिवारों ने विरोध दर्ज किया है। यह स्पष्ट दशार्ता है कि भारी बहुमत मंदिर निर्माण के पक्ष में है।

दुर्भाग्यवश, कुछ लोग आगामी फ्हअ चुनाव को देखते हुए इस विषय को राजनीतिक रंग देने और मीडिया के माध्यम से दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सामुदायिक आस्था और दशकों पुरानी मांग को व्यक्तिगत या राजनीतिक स्वार्थ से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

**सामुदायिक आवश्यकता और सामाजिक महत्व**

सेक्टर में 50% से अधिक निवासी वरिष्ठ नागरिक हैं, और लगभग 25% अकेले रहते हैं। 1 से 3 किलोमीटर की दूरी पर अन्य मंदिर होने के बावजूद, "पीक आवर्स" में वहाँ पहुँचने में 45 मिनट से लेकर एक घंटे से अधिक समय लग जाता है, जो बुजुर्गों के लिए व्यावहारिक रूप से कठिन है।

मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शांति, सामाजिक संवाद और सांस्कृतिक मूल्यों का केंद्र होता है। जैन और सिख समुदाय सहित अनेक परिवारों ने भी इस पहल में सहभागिता और समर्थन व्यक्त किया है।

**कानूनी प्रक्रिया का सम्मान आवश्यक**

सरकार कानूनी और योजना संबंधी प्रक्रियाओं का पालन कर रही है। यदि किसी को आपत्ति है, तो उसका समाधान न्यायालय में होना चाहिए, न कि मीडिया ट्रायल या भ्रामक अभियानों के माध्यम से।

सेक्टर 15A के निवासी शांति, सौहार्द और वैधानिक प्रक्रिया में विश्वास रखते हैं। हम सभी से आग्रह करते हैं कि समुदाय की एकता बनाए रखें और तथ्यों के आधार पर संवाद करें।

# जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी वेस्ट का 38वां अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**






**चन्दौसी।** जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी वेस्ट का 38वां अधिष्ठापन समारोह स्पाइस फ्यूजन के सभागार में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष पदमा भार्गव एवं पूर्व अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।
जायन्टस प्रार्थना के पश्चात संगठन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। यूनिट डायरेक्टर ने नव निर्वाचित अध्यक्षा संगीता भार्गव एवं उनके बोर्ड सदस्यों–नीरा एरन, डॉ. गिरिराज किशोर, डॉ. श्याम गोआनी सक्सेना, डॉ. सलिल दीक्षित, डॉ. जीतेंद्र, सुनील अग्रवाल, विवेक गुप्ता, विष्णु एरन, अनुराग भार्गव, मुनीश जिंदल, मुकेश अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल–को पद एवं संगठन की शपथ दिलाई।
नव निर्वाचित अध्यक्ष संगीता भार्गव ने कहा कि जायन्टस ग्रुप सदैव समाज सेवा में अग्रणी रहा है और आने वाले समय में सेवा कार्यों को और गति दी जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी का पटका पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें एवं अन्य सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। डीओए 2025 कृष्ण औतार गुप्ता ने गत वर्ष की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि डीओए 2026 नीरा एरन ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना की रूपरेखा रखी।
कार्यक्रम का संचालन रितु गोयल ने किया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफिसर सुभाष रुस्तगी सहित सीमा चौधरी, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, शिखा शर्मा, अनिल कागजी, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. राम वार्ष्णेय, अजय कांत नागर, भुवनेश वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, मोहित वार्ष्णेय, संजय गोयल, संतोष वार्ष्णेय, डॉ. सर्वेश सक्सेना, पी.सी. राय, वीनेश वार्ष्णेय, नीलम राय, डॉ. मोनिका, कमलेश अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, नीरू किशोर, अनुभा गुप्ता, रानू वार्ष्णेय, डॉ. वंदना सक्सेना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल के छात्रों ने मंडल में जीता स्वर्ण, राज्य स्तर पर बनाई जगह

**बलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मुरादाबाद मंडल में आयोजित मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित कर नगर का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में मंडल के पांचों जिलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर नगर पालिका चंदौसी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चों एवं उनकी मार्गदर्शक प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन को सम्मानित किया गया।



समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि मंडल स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर स्थान बनाना अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जो डॉ. दुर्गा टंडन के समर्पित शिक्षण, अनुशासन और सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। डॉ. दुर्गा टंडन ने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम बताते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता जीतना नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है।
अंत में विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, आशीष, अंशुल वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, बृजबाला वार्ष्णेय, संध्या, मानवी, शिवानी, बृजेश, डॉली सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 23 मामलों की सुनवाई, तीन दंपतियों में हुआ समझौता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी, चंदौसी में आयोजित की गई।



परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में आयोजित बैठक में पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों की सुनवाई की गई। कुल 23 पत्रावलियों पर सुनवाई करते हुए काउंसलरों के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर तीन पत्रावलियों का निस्तारण कराया गया तथा तीन परिवारों को आपसी सहमति से पुनः मिलाया गया।
इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार एवं श्रीमती रुचि सुधारानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अमरोहा पालिका ने सीमा क्षेत्र के 21 सरकारी विभागों पर लगाया टैक्स

# नगर पालिका के ईओ डॉ.बृजेश कुमार का बड़ा फैसला, सरकारी दफ्तरों पर भी टैक्स, डीएम-एसपी ने खुद की पहल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा,महताब अमरोहवी)।** शहर की सरकार कही जाने वाली नगर पालिका परिषद में पहली बार ऐसा कदम उठाया गया है जब सरकारी कार्यालयों पर भी हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की वसूली शुरू की गई है। पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के इस फैसले ने न सिर्फ प्रशासनिक हलकों में हलचल पैदा की है, बल्कि नगर निकाय की कार्यशैली को लेकर नई मिसाल भी पेश की है। खास बात यह रही कि पहल का संदेश देने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर का टैक्स जमा कराया, जबकि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने भी अपने कार्यालय से टैक्स जमा कर व्यवस्था के प्रति सकारात्मक संकेत दिया।





पालिका ईओ डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद अमरोहा ने राजस्व बढ़ाने और वित्तीय अनुशासन मजबूत करने की दिशा में यह अहम कदम उठाया है। लंबे समय से सरकारी भवनों पर बकाया चल रहे करों की वसूली को लेकर चर्चा होती रही, लेकिन अब इसे अमल में लाकर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि नियम सबके लिए समान हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वयं आगे बढ़कर टैक्स जमा कराना आम नागरिकों के लिए भी प्रेरक संदेश माना जा रहा है।
डॉ. बृजेश कुमार की कार्यशैली पिछले कुछ समय से जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर चर्चा में रही है। शिकायतों के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार, राजस्व वसूली में पारदर्शिता और विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग के चलते उन्होंने शहर में अलग पहचान बनाई है। चेयरपर्सन के साथ समन्वय स्थापित कर पालिका द्वारा शहर में चहुंमुखी विकास कार्य कराए जा रहे हैं जिनमें सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल हैं।
इसी क्रम में जर्जर हो चुके पालिका भवन के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कराई गई है। इसके लिए लगभग छह करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। जिससे आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन तैयार किया जाएगा। इससे न केवल कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा बल्कि आम नागरिकों को भी सुविधाजनक सेवाएं मिल सकेंगी।
सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में शहर में स्ट्रीट डॉग्स की बढ़ती समस्या के समाधान हेतु एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर की स्थापना की दिशा में भी कदम बढ़ाए गए हैं। इससे आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के साथ-साथ उन्हें मानवीय तरीके से संरक्षण दिया जा सकेगा।वहीं सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए गरीब परिवारों के लिए कल्याण मंडप का निर्माण भी कराया गया है जहां जरूरतमंद परिवार कम खर्च में वैवाहिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। पालिका परिषद अमरोहा की इन पहलों को प्रशासनिक सख्ती और विकासपरक सोच का मिश्रण माना जा रहा है।

# जिला अदालतों में पुलिस प्रशासन द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिला एवं सत्र न्यायालय अमरोहा को प्राप्त धमकीपूर्ण ई-मेल के संबंध में पुन जिला अदालतों में पुलिस प्रशासन द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।16 फरवरी 2026 को जिला एवं सत्र न्यायालय, अमरोहा की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर एक अज्ञात प्रेषक द्वारा न्यायालय परिसर में विस्फोटक सामग्री लगाए जाने संबंधी धमकीपूर्ण ई-मेल प्राप्त हुआ जिसमें तमिलनाडु में आर्थिक रूप से कमजोर आरक्षण लागू करने को रोकने की मांग की गई है.सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन द्वारा मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए। पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात अवधभान सिंह के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड, एएसएल टीम एवं पर्याप्त पुलिस बल द्वारा न्यायालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सघन एवं व्यवस्थित चेकिंग कराई गई। प्रत्येक कक्ष, चैंबर, परिसर क्षेत्र एवं संवेदनशील स्थानों का गहन निरीक्षण किया गया। तलाशी अभियान के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु अथवा विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है। साथ ही, साइबर सेल द्वारा प्राप्त ई-मेल का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है, जिससे ई-मेल के स्रोत एवं प्रेषक की पहचान सुनिश्चित की जा सके।पुलिस प्रशासन के अनुसार वर्तमान में न्यायालय परिसर पूर्णत सुरक्षित है। कानून एवं शांति व्यवस्था सामान्य है।अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।





# यूजीसी कानून वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** चन्दौसी-शाहबाद मार्ग स्थित असालतपुर जारई चौराहे पर सवर्ण समाज के लोगों के साथ भारी संख्या में किसान एकत्रित हुए। राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा झंडा हाथों में लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर जुलूस निकाला गया।
जुलूस पैदल मार्च करते हुए बंदायू चुंगी के निकट महाराणा प्रताप चौक पहुंचा, जहां रैली जनसभा में परिवर्तित हो गई। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यूजीसी कानून देश में जातीय भेदभाव, अराजकता और द्वेष की भावना को बढ़ावा देता है तथा सवर्ण समाज को अपमानित करता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई कि जब तक यूजीसी कानून वापस नहीं होगा, तब तक सवर्ण समाज वर्ष 2027 या 2031 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देगा। सभा में अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे।




इसके बाद जुलूस तहसील चंदौसी पहुंचा, जहां नायब तहसीलदार सतेंद्र चहर को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी जैसे काले कानून को देशहित में वापस लिया जाए। साथ ही एक देश, एक कानून लागू करते हुए जात-पात का भेद समाप्त कर सभी जातियों को खत्म कर केवल हिंदू नाम से एक जाति घोषित करने, जाति आधारित आरक्षण एवं सांसद-विधायक की आरक्षित सीटें समाप्त करने तथा आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन जारी रहेगा और किसी भी घटना की जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।
ज्ञापन देने वालों में शिव शर्मा, शैलभ शर्मा, संजीव राघव, राहुल कश्यप, अमन राठौर, वीरेंद्र सिंह तोमर, अमर सिंह तोमर, रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह, दुष्यंत सिंह, गुरवीर सिंह, अजेंद्र राघव, सुनील राघव, सुदेश राघव, शानू शर्मा, एमपी सिंह, मोहित राघव, सचिन राघव, अवधेश राघव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्थानीय किसानों को पीने के पानी में जहरीले तत्वों से गंभीर बीमारियां झेलनी पड़ रही हैं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (डा.महताब अमरोहवी)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के मंडलाध्यक्ष एहसान अली ने कहा कि जिले के गजरौला इलाके में रासायनिक कारखानों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट के कारण भूजल और बगद नदी के गंभीर दूषित जल ने नाईपुरा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी है। स्थानीय किसानों को पीने के पानी में जहरीले तत्वों से गंभीर बीमारियां झेलनी पड़ रही हैं, फसलें बर्बाद हो रही हैं और कई मौतें हो चुकी हैं। प्रशासन की लापरवाही और निगरानी तंत्र की पंगुता पर सवाल उठते हैं, जबकि इंदौर जैसी जल त्रासदियों के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती।गौरतलब है कि रासायनिक कारखानों द्वारा छोड़े जा रहे जहरीले उत्सर्जन से दूषित जल-जंगल-जमीन संकट को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में शहबाजपुर डोर राष्ट्रिय राज मार्ग नंबर -9 पर चल रहा बेमियादी धरना बुधवार को 67वें दिन भी जारी रहा। धरने पर किसान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, संबंधित कारखानों और प्रशासन के खिलाफ लगातार विरोध जता रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडलाध्यक्ष एहसान अली ने कहा कि शासन-प्रशासन दूषित जल की सूक्ष्म निगरानी में पूरी तरह असफल साबित हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीतिक सवालों का न्यायिक उत्तर ढूंढना आसान लेकिन आलसी नजरिया है। न्यायपालिका, मानवाधिकार व राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) पहले स्वतः संज्ञान लेकर नागरिक हितों की रक्षा करती थी, लेकिन अब बदलते माहौल में वह भी असमर्थ दिख रही है। गजरौला नगरपालिका के पूर्व सभासदों संजीव अग्रवाल व प्रकाश सैनी समेत समाज के तमाम जिम्मेदारों ने एक स्वर होकर मांग की कि बगद नदी और भूमिगत जल की नियमित निगरानी व सख्त जांच अनिवार्य हो। स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिले। प्रशासन संवेदनशीलता दिखाते हुए दूषित मिट्टी, हवा और पानी के सुधार के ठोस कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अब नहीं चेते तो अगली त्रासदी सिर्फ खबर नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता का दस्तावेज बनेगी। धरने में गजरौला नगरपालिका के पूर्व सभासदों सहित सैकड़ों किसान, महिलाएं और ग्रामीण शामिल हैं, जो कारखानों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर अड़े हैं। यह आंदोलन सामूहिक असफलता के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक बन चुका है।इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तेजपाल सिंह, होमपाल सिंह, हाजी नन्नू सैफी, ओम प्रकाश सिंह, रामप्रसाद सिंह, जयपाल सिंह, मंसूर अली, गंगाराम सिंह, समरपाल सैनी, दिलशाद सलमानी, शमशाद सलमानी, विजय सिंह, पृथ्वी सिंह, महेंद्र सिंह आदि इलाके के तमाम जागरूक किसान मौजूद रहे।



# पशु आरोग्य मेले का हुआ शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**क्योलड़िया।** विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत जिगनिया भगवंतपुर में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ किया गया इस कार्यक्रम में पहुंचे विधायक डॉक्टर एम पी आर्य और भदपुरा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया इस अवसर पर विधायक डॉक्टर एम पी आर्य ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और पशु संबंधित योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशु आरोग्य मेले का उद्देश्य पशुओं के स्वास्थ्य और उनकी देखभाल के बारे में लोगों को जागरूक करना है भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने कहा कि पशु आरोग्य मेले में पशुओं के स्वास्थ्य की जांच और उपचार के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद है। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को अपने पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, प्रधान ख्यालीराम, जुगल किशोर और समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे। मेले में पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, उपचार और टीकाकरण के साथ-साथ पशुओं के लिए आवश्यक दवाओं और उपकरणों की भी व्यवस्था की गई है।



## विरोध प्रदर्शन

## आशाओं ने विरोध प्रदर्शन कर, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

# अपनी मांगों को लेकर आशा व संगिनी ने किया विरोध प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश कुमार)।** भारतीय मजदूर संघ के 21वें अखिल भारतीय अधिवेशन के आह्वान पर देशभर में विरोध दिवस मनाया गया। इस क्रम में आशा व आशा संगिनी कर्मचारी संगठन (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) के बैनर तले जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर केंद्र व राज्य सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया।
प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उत्तर प्रदेश में लाखों आशा व आशा संगिनी कार्यकत्रियों को कम मानदेय पर 24 घंटे तक कार्य करना पड़ रहा है। अतिरिक्त जिम्मेदारियां दिए जाने के बावजूद मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है।

**ये हैं प्रमुख मांगें**








ज्ञापन में आशा वर्कर्स को न्यूनतम 18हजार रुपए आशा संगिनी/फैसिलिटेटर को 24 हजार रुपए तथा बीटीटी को 30हजार रुपए प्रतिमाह वेतन सुनिश्चित करने की मांग की गई। दुर्घटना अथवा मृत्यु की स्थिति में 5 लाख मुआवजा और सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त 10 लाख भुगतान की भी मांग उठाई गई।
इसके अलावा वर्ष 2025 व 2026 के बकाया मानदेय का शीघ्र भुगतान, यात्रा भत्ता, मातृत्व अवकाश, वर्ष में दो बार यूनिफॉर्म, अस्पतालों में विश्रामस्थल की व्यवस्था, 5जी मोबाइल/टैबलेट उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में आयु सीमा का लाभ देने और योग्यताधारी आशा कार्यकत्रियों को एएनएम/फैसिलिटेटर पद पर पदोन्नति देने की मांग भी शामिल रही।
प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा निर्धारित ?12,000 प्रतिमाह मानदेय के सापेक्ष कुछ जिलों में मात्र 7 हजार रुपए का ही भुगतान किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

**संभल में भुगतान में धांधली का आरोप**

ज्ञापन में विशेष रूप से संभल जिले का मुद्दा उठाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से आशा संगिनी आदि के लिए 12हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित हैं, लेकिन जिले में केवल 7 हजार रुपए का ही भुगतान किया जा रहा है। इस 'कटौती' को लेकर कार्यकर्ताओ में भारी रोष है।
भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध इस संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 14 सूत्रीय मांगों पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सेवाओं का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# 26 व 27 फरवरी को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय संभल द्वारा दो स्थानों पर एक-एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 26 फरवरी 2026 को राजकीय आईटीआई, राजघाट रोड बबराला तथा 27 फरवरी 2026 को श्री के.एस. डिग्री कॉलेज, असमोली के प्रांगण में रोजगार मेला आयोजित होगा।
मेला प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक चलेगा।
रोजगार मेले में Tata Motors (पंतनगर, रुद्रपुर),Indian Security Force, Pukhraj Health Care एवं QCS Corp प्रतिभाग करेंगी। कंपनियां ट्रेनी मशीनिस्ट, सिक्योरिटी गार्ड एवं वेलनेस एडवाइजर पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी।
रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, स्नातक एवं आईटीआई (फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, फाउंड्री) रखी गई है। अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल Rojgar Sangam Portal पर पंजीकरण कराकर मेले में प्रतिभाग करना होगा। अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा साथ लाना सुनिश्चित करें। रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# सरधना में पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन जन्म कल्याणक पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी )**। नगर में आयोजित भव्य एवं दिव्य ऐतिहासिक





श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम परम पूज्य आचार्य 108 श्री भारत भूषण महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ।सुबह नित्यार्चन, जाप और अनुष्ठान की क्रियाएं पंडित अरविंद शास्त्री द्वारा कराई गईं। जैसे ही आदि कुमार के जन्म का प्रसंग हुआ, पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालु खुशी और उत्साह से भर गए।जन्म के बाद शची इंद्राणी द्वारा बालक आदि कुमार को सौधर्म इंद्र को सौंपने की झांकी प्रस्तुत की गई। इसके बाद ऐरावत हाथी पर आदि कुमार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई सुमेरु पर्वत स्थल तक पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ौत, बागपत, मेरठ, खतौली, सहारनपुर, गाजियाबाद, दिल्ली, मुजफ्फरनगर, फरीदाबाद और मवाना सहित कई स्थानों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। जैन समाज ने सभी का स्वागत किया।

सुमेरु पर्वत पर 1008 कलशों से अभिषेक किया गया। आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रभु के कार्यों में सम्मिलित होना बड़े पुण्य का फल है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संगीत सिंह सोम उपस्थित रहे।शाम को महाआरती और साधर्मी वात्सल्य का आयोजन किया गया। महोत्सव के सफल आयोजन में एनसीसी कैडेट्स, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका व बिजली विभाग का विशेष सहयोग रहा। बड़ी संख्या में समाज के लोग और युवा कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

# न्यायिक अधिकारियों ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)**। राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का बुधवार को न्यायिक अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-II) कमलापति प्रजापति, अपर जिला जज दिव्या भार्गव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अन्निका चौधरी तथा सिविल जज सीनियर डिवीजन/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा० सत्येंद्र चौधरी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संस्था में निरुद्ध किशोरों की व्यक्तिगत पत्रावलियों एवं कार्यालय अभिलेखों का अवलोकन किया।साथ ही किशोरों से एक-एक कर वार्ता कर उनके रहन-सहन,शिक्षा व्यवस्था तथा व्यक्तिगत रुचियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।इस दौरान एक किशोर ने अपनी बनाई हुई चित्रकला अधिकारियों को प्रस्तुत की, जिसकी सराहना करते हुए उसकी प्रतिभा की प्रशंसा की गई और उसे प्रोत्साहित किया गया।निरीक्षण के समय संस्था प्रभारी मोहित कुमार,कंप्यूटर अध्यापक विक्रांत वर्मा, सहायक अध्यापक राकेश कुमार,परामर्शदाता बिलकिस जहां,कर्मचारी नीरज कुमार सहित समस्त सुरक्षा बल मौजूद रहा।





# भारत विकास परिषद शक्ति शाखा,ट्यूलिप रेस्टोरेंट में धूमधाम से मनाया फागुन महोत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)**। भारत विकास परिषद की शक्ति शाखा मुजफ्फरनगर द्वारा फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन स्थानीय ट्यूलिप रेस्टोरेंट में किया गया।होली के उल्लास से सराबोर इस रंगारंग कार्यक्रम में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उमंग भरे गीतों पर नृत्य कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया।कार्यक्रम में किड्स गेम, कपल डांस,राधा-कृष्ण रास एवं फूलों की होली विशेष आकर्षण रहे।इस अवसर पर एक परिवार-एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सदस्यों ने सुंदर पोस्टर प्रस्तुत किए।



प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सभी परिवारों को होली की शुभकामनाओं के साथ विशेष उपहार भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम का संचालन डा० रूचि शर्मा,प्रीति शर्मा और पूजा अग्रवाल ने कुशलता से किया। शाखा संरक्षक विशाल शर्मा,संस्थापक अध्यक्ष मोहित सिंघल एवं वर्तमान अध्यक्ष निर्वेश हुड्डा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए एकता और सौहार्द का संदेश दिया।अंत में शाखा सचिव राजीव मित्तल ने सभी सदस्यों और संयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# फर्जी मोहर और जाली हस्ताक्षर से हुई पूर्व विधायक शाहनवाज राना के पुत्र की जमानत तस्दीक, सीओ सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा की गोपनीय जांच में बड़ा खुलासा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)**। पूर्व विधायक शाहनवाज राना के पुत्र अब्दुल आहाद राना की जमानत तस्दीक में फर्जी मोहर और जाली हस्ताक्षरों का मामला सामने आया है। गोपनीय जांच में खुलासा हुआ कि खालापार कोतवाली प्रभारी और चौकी प्रभारी की नकली मोहर व हस्ताक्षर लगाकर जमानत सत्यापन किया गया जिसके आधार पर आहाद राना की जेल से रिहाई हो गई।मामला संज्ञान में आने पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देश पर सीओ सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा ने गोपनीय जांच की।जांच में पाया गया कि असली जमानतियों के स्थान पर फर्जी दस्तावेज लगाकर न्यायालय को गुमराह किया गया। जमानत तस्दीक पत्र पर चौकी प्रभारी का नाम भी गलत अंकित मिला।बताया गया कि जीएसटी टीम पर हमले के प्रकरण में शाहनवाज राना जेल भेजे गए थे जबकि जेल में मोबाइल पहुंचाने के आरोप में उनके पुत्र को गिरफ्तार किया गया था। 11 नवंबर 2025 को जमानत संबंधी दस्तावेज खालापार कोतवाली भेजे गए थे जबकि 12 नवंबर को रिहाई हो गई।इस प्रकरण में सिविल लाइन थाने में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फजीर्वाड़े में शामिल लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# सुभारती विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन और लैंगिक समानता पर जागरूकता रैली का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर मातृभाषा के सम्मान, भाषाई आत्मगौरव तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एकल एवं समूह गायन,नृत्य तथा नाट्य प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आरंभ से ही सभागार में उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण व्याप्त रहा तथा विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने समूचे परिसर को साहित्यिक चेतना और राष्ट्रीय भावबोध से आलोकित कर दिया। भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सभी विशिष्ट अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का



हार्दिक अभिनंदन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की महत्ता को अत्यंत प्रभावपूर्ण शब्दों में रेखांकित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि मातृभाषा केवल अभिव्यक्ति का साधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक चेतना और भावनात्मक जुड़ाव की मूल आधारशिला है। भाषा ही वह सेतु है जो व्यक्ति को उसकी परंपरा, परिवेश और मूल्यों से जोड़ती है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मातृभाषा में सोचने और सीखने से आत्मविश्वास, सृजनशीलता और संवेदनशीलता का स्वाभाविक विकास होता है। अपने उद्बोधन के समापन पर उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान और गर्व की भावना विकसित करें तथा उसके संरक्षण, संवर्धन और समृद्धि के लिए सक्रिय एवं सजग भूमिका निभाएँ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. कर्नल देवेंद्र स्वरूप ने कहा कि बहुभाषी शिक्षा हमारी सांस्कृतिक निरंतरता और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करती है। उन्होंने कहा, मातृभाषा का मान, राष्ट्र का सम्मान तथा भाषाई विविधता हमारी शक्ति है।

# काली नदी किनारे गरीबों पर आए संकट पर सपा विधायक पंकज मलिक ने संभाला मोर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)**। शामली रोड स्थित काली नदी किनारे वर्षों से रह रहे गरीब झुग्गी-झोपड़ी परिवारों को हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में चरथावल

**बिना वैकल्पिक आवास हटाने की कार्रवाई पर पंकज मलिक ने कड़ा विरोध जताते हुए प्रशासन को दी दो टूक चेतावनी**

से पंकज मलिक खुलकर सामने आ गए हैं। बिना वैकल्पिक आवास की समुचित व्यवस्था किए परिवारों को हटाए जाने की सूचना मिलते ही विधायक मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से वार्ता की। विधायक पंकज मलिक ने ईओ नगरपालिका से फोन पर वार्ता करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक प्रत्येक झुग्गी-झोपड़ी में रह रहे परिवार के लिए वैकल्पिक आवास,मूलभूत सुविधाएं और सम्मानजनक पुनर्वास सुनिश्चित नहीं किया जाता तब तक किसी भी परिस्थिति में उन्हें न हटाया जाए और न ही किसी प्रकार से परेशान किया जाए।उन्होंने कहा कि गरीब का आशियाना उजाड़ना आसान है लेकिन उसके भविष्य को सुरक्षित करना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि उनकी राजनीति सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए है।विधायक ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए कहा कि गरीब परिवारों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उनके अधिकारों की हर हाल में रक्षा सुनिश्चित की जाए।मौके पर मौजूद झुग्गी-झोपड़ीवासियों ने भी विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और आशियाना बचाने की गुहार लगाई।विधायक ने भरोसा दिलाया कि जब तक उचित पुनर्वास नहीं होता वे गरीब परिवारों के साथ खड़े रहेंगे। इस घटनाक्रम के बाद प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है।अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है।



# निर्माण कार्यों और सीएम डैशबोर्ड की डीएम ने की समीक्षा, लापरवाही पर सख्त निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी )**। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी वी.के. सिंह की अध्यक्षता में निमार्णाधीन परियोजनाओं, सीएम डैशबोर्ड और विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि विकास कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल जीवन मिशन की समीक्षा में उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति सुचारू रहे और रोड कटिंग के बाद सड़कों की ठीक से मरम्मत कराई जाए। गड़बड़ी मिलने पर ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



हस्तिनापुर में पर्यटन विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी जताई और काम तेजी से पूरा करने को कहा। सीएम ग्रिड के तहत नगर क्षेत्र में चल रहे कार्यों की भी नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में डीएम ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक जरूर पहुंचे। फार्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उपनिदेशक कृषि से स्पष्टीकरण मांगा गया। बीडीओ हस्तिनापुर और परीक्षितगढ़ को लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। डीएम ने चेतावनी दी कि तीन दिन में लंबित कार्यों में सुधार न होने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी बीडीओ को ब्लॉक मुख्यालय पर रहने और योजनाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक ने किया लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)**। सहारनपुर मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा साहसत्रांशु कुमार सुमन ने लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बनाए गए यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।बुधवार को हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान उन्होंने टीम के साथ परीक्षा कक्षों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्था पर संतोष जताया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।प्रधानाचार्य डा० अखिलेश कुमार शर्मा ने उन्हें विद्या भारती की कॉपी टेबल बुक भेंट कर स्वागत किया।संयुक्त शिक्षा निदेशक ने विद्यालय की प्राइमरी विंग का भी अवलोकन कर व्यवस्थाओं की सराहना की और छात्रों को कौशल विकास व स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने पर बल दिया।



# साइबर हेल्प डेस्क की सक्रियता से साइबर ठगी के शिकार दो पीड़ितों की 75 हजार की हुई धनराशि वापस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)**। जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत साइबर हेल्पडेस्क थाना बुढ़ाना ने सराहनीय कार्य करते हुए दो अलग-अलग मामलों में ठगी की गई कुल ?75,000 की धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई है।एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन एवं एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में यह कार्यवाई की गई। पहले मामले में बवाना निवासी शिवानी पुत्री कृष्णपाल से साइबर ठगी के जरिए निकाले गए ?25,000 दिनांक 25 फरवरी 2026 को उनके खाते में वापस कराए गए।वहीं दूसरे मामले में ग्राम विज्ञाना निवासी असजद पुत्र अब्दुल अजीज से ठगे गए ?50,000 भी वापस कराए गए।कार्रवाई में निरीक्षक अपराध कर्मवीर सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर विपिन कुमार,ज्ञानेन्द्र कुमार, कांस्टेबल सागर तथा महिला कांस्टेबल दीपा की विशेष भूमिका रही।

# सड़क हादसे के घायलों का दूसरे दिन भी जिला चिकित्सालय पहुंचकर सीएमओ ने फिर लिया हाल, उपचार की प्रगति जानकारी ले सतत निगरानी के दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)**। जानसठ क्षेत्र के गुर्जरहेड़ी गांव के पास सठेड़ी चौराहे पर हुए भीषण सड़क हादसे के घायलों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने लगातार दूसरे दिन जिला चिकित्सालय पहुंचकर हाल-चाल लिया।सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों के उपचार की प्रगति की समीक्षा की तथा चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी जरूरी जांच समय पर कराने और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित



करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जब तक सभी घायल पूर्णतः स्वस्थ नहीं हो जाते, तब तक उनके उपचार की नियमित निगरानी की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संवेदनशीलता के साथ सभी मरीजों की देखरेख की जा रही है।

**वार्षिक खेलकूद 2026**

## 100 से 3000 मीटर दौड़,शॉटपुट, डिस्कस और लंबी कूद में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने जीते खिताब

# एथलेटिक्स मुकाबलों में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)**। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के खेल प्रांगण में आयोजित वार्षिक खेलकूद-2026 के अंतर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मंगलवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम फाइनेंस गजेन्द्र सिंह ने किया, जबकि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े राज्य खिलाड़ी यश गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों की आकर्षक मार्च पास्ट से हुई।इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन में रंग भर दिए।एथलेटिक्स मीट में पुरुष एवं महिला वर्ग में 100,200,400,800,1500 और 3000 मीटर दौड़ के साथ शॉटपुट (गोला फेंक), डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) और लंबी कूद की स्पधार्एं आयोजित की गईं।मुख्य परिणाम इस प्रकार रहे 800 मीटर महिला वर्ग में राधिका तथा पुरुष वर्ग में रवि भाटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।100 मीटर पुरुष वर्ग में अर्जुन गोलियान और महिला वर्ग में रीया विजेता रहीं।3000 मीटर महिला वर्ग में अनुभा और पुरुष वर्ग में शिवा ने बाजी मारी।1500 मीटर पुरुष वर्ग में रवि भाटी तथा महिला वर्ग में राधिका ने प्रथम स्थान हासिल किया।200 मीटर पुरुष वर्ग में अर्जुन गोलियान और महिला वर्ग में वैष्णवी त्यागी अव्वल रहीं।शॉटपुट पुरुष वर्ग में प्रियांशु ने 11.50 मीटर थ्रो के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में चाहत ने 7.40 मीटर के साथ बाजी मारी।डिस्कस थ्रो में भी प्रियांशु (23.50 मीटर) और महिला वर्ग में चाहत (26.5 मीटर) प्रथम रहीं।लंबी कूद पुरुष वर्ग में आकाश 6.10 मीटर के साथ प्रथम रहे, जबकि महिला वर्ग में वैष्णवी त्यागी ने 4.43 मीटर कूदकर शीर्ष स्थान हासिल किया। मिक्स रिले प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम विजेता रही।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं।उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी प्रेरित करें, क्योंकि खेलों में करियर की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं।कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक,प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।








# दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा कांठ में अभिभावक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो








**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में आज नगर में अभिभावक जागरुक गोष्ठी का आयोजन किया गया' मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में आयोजित गोष्ठी

**विश्व स्तर की सुविधाओं से लैस दिल्ली पब्लिक स्कूल में बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाने के लिए एडमिशन कराएं: सुदर्शन सोनार**

को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने कहा कि विश्व स्तर की सुविधाओं से युक्त दिल्ली पब्लिक स्कूल कांठ-मुरादाबाद रोड पर कुचावली में खुल गया है यहां शिक्षा सत्र 6 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाने के लिए इस स्कूल में दाखिला दिलाने का आह्वान किया' उन्होंने कहा कि इस स्कूल में विश्व स्तरीय सुविधाएं, बाल-केंद्रित एनईपी 2020 पाठ्यक्रम और गतिविधि-आधारित शिक्षण प्रदान करता है। हमारा ध्यान सर्वांगीण विकास पर है, जिसमें युवा प्रतिभाओं को शैक्षणिक, रचनात्मक और खेलकूद में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पोषित किया जाएगा यहां पर 20 से अधिक राष्ट्रीय खेल - (तीरंदाजी, शूटिंग रेंज, स्केटिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, पूल गेम, टेबल टेनिस 9 लेयर वाले अंतरराष्ट्रीय मानक कोर्ट- लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, 2 पिकलबॉल और 2 इंडोर कोर्ट बैडमिंटन कोर्ट,मिनी-ओलंपिक आकार का स्विमिंग पूल, सर्वोत्तम श्रेणी का पूर्णतः एसी युक्त बुनियादी ढांचा,विशाल कक्षाएँ (25 ७ 40-1000 वर्ग फुट),शिक्षण-अधिगम के लिए एआई-सक्षम इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल,चिकित्सा देखभाल सुविधा (अस्पताल),परिसर पूरी तरह से सीसीटीवी निगरानी, जीपीएस, स्पीड कंट्रोलर, सीसीटीवी, पैनिक बटन से लैस एसी वाहन,- सीबीएसई के जीवन कौशल विषय और परामर्शदाता का सहयोग आदि सुविधाएं हैं' दिल्ली पब्लिक स्कूल, कुचावली, मुरादाबाद द्वारा आयोजित जागरुक गोष्ठी में स्कूल के प्रिंसिपल सुदर्शन सोनार, एच.आर. हेड कमलेश पंत ,एडमिशन इंचार्ज अपूर्वा चौधरी,संदीप जैन (प्रो वाइस चेयरमैन, डीपीएस मुरादाबाद) आदि ने संबोधित किया 'इस अवसर पर वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं "बुलंद संदेश" के जिला प्रभारी सुदेश बिश्नोई, शाह टाइम्स के तहसील प्रभारी ओमवीर सिंह बिश्नोई, अमृत विचार के तहसील प्रभारी अनिल शर्मा, नगर के प्रसिद्ध ज्वेलर्स संजय जैन, अभय बिश्नोई, राजीव अग्रवाल, तनवीर आलम, आदि लोग मौजूद थे ' स्कूल के प्रिंसिपल सुदर्शन सोनार ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की उत्तर प्रदेश में 48 और पूरे देश में 252 एवं विदेश में 32 ब्रांच है' आगंतुकों का आभार संदीप जैन में व्यक्त किया ।

## सदका ए फित्र अदा करने में जल्दी करें: फिदा हुसैन अत्तारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी ) ।** दावते इस्लामी इन्डिया के सदस्य फिदा हुसैन अत्तारी ने बताया किताबों में आया है, की सद्का ए फि त्र के अदा किए बगैर रोजे जमीन और आसमां के बीच लटके रहते हैं। सद्का ए फि त्र अदा करने में जल्दी करें, कोशिश करें 10 रमजान से पहले ही अदा कर दें, ताकि जिसे दे रहे हैं, वो ईद की तैयारी, कपड़े और अन्य चीजें वक़्त पर खरीद सके। सबसे पहले अपने गरीब परेशान रिश्तेदार,पड़ोसी को देखें पहले यह ज्यादा हकदार हैं।

## सर्विकल कैंसर से बचाव को "14 साल की हर लड़की को लगेगा मुफ्ती टीका"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महिलाओं में बढ़ते सर्विकल कैंसर के मामलों के मद्देनजर अब वह वैक्सीनेशन अभियान शुरू होने जा रहा है। मुरादाबाद जनपद सहित देशभर की 14 साल की लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन मुफ्त दी जाएगी। यह सिंगल डोज टीका होगा। देश में हर साल करीब डेढ़ करोड़ लड़कियां 14 साल की उम्र में पहुंचती हैं, इन सभी को यह टीका लगाया जाएगा।सभी राज्यों में ब्लाक स्तर तक 14 वर्ष की उम्र की लड़कियों की पहचान की जा रही, मानीटरिंग की पूरी तैयारी कर ली गई है और कभी भी इस अभियान को शुरू किया जा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत कई अध्ययनों से साफ हुआ है कि 14 साल की उम्र में दिए गए टीके का एक डोज भी दो या तीन डोज के समान प्रभावी होता है। देश में हर साल लगभग डेढ़ करोड़ लड़कियां 14 साल की उम्र सीमा में पहुंचती है। 160 देश पहले ही एचपीवी वैक्सीन को टीकाकरण में शामिल कर चुके, 90 देश सिंगल डोज दे रहे 'यह टीका निशुल्क लगाया जाएगा। इसके लिए सभी राज्यों में ब्लाक स्तर तक इस उम्र की लड़कियों की पहचान की जा रही है। सरकार की कोशिश है कि टीकाकरण से एक भी लड़की छूटे नहीं। इसके लिए पूरे अभियान की डिजिटल मानिटरिंग भी की जाएगी। यह टीका पहले से चले आ रहे टीकाकरण अभियान से अलग होगा, जिसके तहत विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए बच्चों को 12 तरह से टीके अलग-अलग लगाए जाते हैं। खुले बाजार में सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए 15 वर्ष से कम की लड़कियों के लिए क्वाड्रिवेलेंट गार्डासिल-4 एक डबल डोज वैक्सीन है और इसमें प्रत्येक की कीमत 3,927 रुपये है।




## मेडिकल स्टोर स्वामी से 40 हजार वसूले : "सर्विलांस प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मी निलंबित"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सर्विलांस टीम के प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों ने खाकी को शर्मसार कर दिया है। एसएसपी दफ्तर से ही संचालित सर्विलांस सेल के पांचों पुलिसकर्मी योजनाबद्ध तरीके से कोतवाली क्षेत्र के एक मेडिकल स्टोर पर जा धमके। मेडिकल स्टोर संचालक को उड़नदस्ता टीम, ड्रग विभाग की टीम बताकर मेडिकल स्टोर में छापेमारी करनी शुरू कर दी।संचालक कुछ समझ पाता कि उस पर प्रतिबंधित दवा बेचने का आरोप मढ़ दिया और हिरासत में लिया। छोड़ने के एवज में एक लाख रुपये मांगे। जैसे-तैसे 40 हजार रुपये प्रबंध कर संचालक ने पुलिसकर्मियों को दिये, तब वह चंगुल से छूटा। इसी के बाद कहानी सामने आई। सीओ कटघर वरुण कुमार की जांच रिपोर्ट पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने सर्विलांस प्रभारी वीर बोस, सिपाही शिवम चिकारा, विपिन शर्मा, यश दहिया, मनोज यादव को निलंबित कर दिया। पांचों के विरुद्ध विभागीय जांच भी बैठा दी है।कोतवाली क्षेत्र के फीलखाना रेती स्ट्रीट निवासी उवैद कुरैशी का मुहल्ले में ही मेडिकल स्टोर है। उबैद के अधिवक्ता भाई जमशेद कुरैशी के अनुसार, करीब एक माह पहले मेडिकल स्टोर पर सर्विलांस की टीम पहुंची। टीम ने अपने आप

**इसी के बाद सीओ ने जांच रिपोर्ट एसएसपी को सौंपी। जिसके बाद पांचों पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो गई। बता दें कि सर्विलांस टीम में कुल नौ पुलिसकर्मी हैं, इसमें कई लंबे समय से तैनात थे**

को उड़नदस्ता टीम, ड्रग विभाग बताकर मेडिकल स्टोर में छापेमारी करनी शुरू कर दी। भाई पर प्रतिबंधित दवाई भेजने का आरोप लगाया। भाई ने विरोध किया तो पुलिसकर्मियों ने मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ की और वहां लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ डीवीआर उखाड़ ले गए। भाई को हिरासत में लेकर चले गए। उसे छोड़ने के नाम पर एक लाख रुपये मांगने शुरू कर दिए। बाद में टीम ने 40 हजार रुपये लेकर भाई को छोड़ा। उवैद ने जब घटनाक्रम बताया तब वह भी दंग रह गए। भाई को लेकर एसएसपी के समक्ष पेश हुए और मामले में शिकायत की। एसएसपी ने सीओ कटघर वरुण कुमार को जांच सौंपी। सीओ ने दुकान के पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये जिसमें पांचों पुलिसकर्मी उवैद को साथ ले जाते दिखे। पांचों को बुलाकर उनके बयान दर्ज किये गए। सवालों का सिलसिला शुरू हुआ तब प्रभारी समेत पांचों निरुत्तर हो गए। फुटेज सामने होने के चलते घटना से इन्कार भी नहीं कर पाए। इसी के बाद सीओ ने जांच रिपोर्ट एसएसपी को सौंपी। जिसके बाद पांचों पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो गई। बता दें कि सर्विलांस टीम में कुल नौ पुलिसकर्मी हैं, इसमें कई लंबे समय से तैनात थे।

## आभा आईडी : मुरादाबाद मंडल "प्रदेश में टॉप 15 में"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों के आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड (आभा) आईडी बनाने पर फोकस बढ़ाया गया है। आभा बनाने में मुरादाबाद मंडल के जिलों का प्रदर्शन यूपी में शीर्ष 15 जनपदों में दर्ज किया गया है, जबकि, गौतमबुद्ध नगर पूरे प्रदेश में सबसे फिसड्डी रहा है। आभा आईडी बनाने के मामले में प्रदेश के 50 जिलों को खराब प्रदर्शन की श्रेणी के अंतर्गत लिया गया है। खराब प्रदर्शन वाले जिलों में गौतमबुद्ध नगर सबसे अव्वल है। जहां सिर्फ 24 फीसदी आभा आईडी ही बने हैं। 27% की खराब उपलब्धि के साथ लखनऊ दूसरे और 35% के साथ गाजियाबाद तीसरे नंबर पर दर्ज किया गया है।मुरादाबाद में 65 फीसदी आभा आईडी बनी मुरादाबाद जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 65 फीसदी आभा आईडी बनाने में कामयाबी मिल गई है। जनपद में 29 लाख आभा आईडी बनाने का लक्ष्य है। जिसमें से उन्नीस लाख आभा आईडी बन गए हैं। यूपी में मुरादाबाद जनपद की 12वीं रैंक आई है। जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि ओपीडी में जो मरीज अपना आधार कार्ड लेकर आ रहे हैं उनका पर्चा बनवाने के काउंटर पर हाथोंहाथ आभा आईडी बनाई जा रही है।




## ट्रैक्टर की टक्कर से निरंजन सिंह की मौत का मामला: पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ( सुदेश बिश्नोई)।** ट्रैक्टर की टक्कर से मौत




का शिकार हुए वृद्ध के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रितिक यादव पुत्र संजीव कुमार गांव मिलक अदलपुर ताज थाना अमरोहा देहात का कहना था कि 24 फरवरी की शाम को करीब 6:00 बजे वह अपने घर से दादा निरंजन सिंह और मझोला खुर्द निवासी सुखन सिंह के साथ बाइक से सरकडा परम माफी थाना ठाकुरद्वारा जा रहे थे जब उनकी बाइक राम गंगा नदी पुल के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें उनके काफी चोट आई निरंजन सिंह और सुक्खन सिंह को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काठ लाया गया जहां पर निरंजन सिंह को मृत घोषित कर दिया गया सुखन सिंह को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया पुलिस ने इस मामले में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## तरावीह की नमाज में खानकाहे आलिया कुन्दरकी में कुरान ए करीम मुकम्मल हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** रमजान मुबारक के पाक महीने में खानकाहे आलिया में छह रोज में तरावीह की नमाज में कुरान-ए-करीम मुकम्मल हुआ । खनाकाह आलिया में तरावीह की नमाज में कारी इंतजार के साहबजादे हाफि ज अहमद जिया ने कुरान ए करीम सुनाया हाफि ज अफजल ने कुरान ए करीम सुना । मंगलवार को बाद नमाज ए ईशा को नगर के मौहल्ला नूरूल्ला में स्थित खानकाह ए आलिया में तरावीह की नमाज में कुरान ए करीम मुकम्मल हुआ । हाफि ज अहमद जिया ने कलाम-ए-पाक की तिलावत की। कुराने पाक मुकम्मल होने पर हाफि ज अहमद जिया और हाफि ज अफजल को नमाजियों ने गुलपोशी की और तोहफे पेश किए। खानकाह आलिया में कुरान ए करीम मुकम्मल होने के दौरान दरगाह सूफी ख़्वाजा हाजी अल्लाह बख़्श रहमतुल्लाह अलेह सरकार के सज्जादानशीन मौहम्मद हाशिम मियां साबरी चिश्ती ने मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली के खुसूसी दुआ कराई। इस मौके पर कारी मोहम्मद इंतजार हुसैन ने कुरान-ए-करीम की अहमियत और फजीलत बयान की उन्होंने कहा की दुनिया में यह अजीमओ शान किताब है जो लोगों के दिलों में उतर जाती है जो लोगों को बुराई से बचाती है। इस मौके पर हाजी मौहम्मद उवैस उर्फ कल्लन ,एम.के.भारती सैफी, इल्यास खांन,मुजीब,खांन वाज़िद मिर्जा, जावेद अली, इल्यास पप्पू, आजम साबरी,आलम मियां साबरी कसीर तादात में रोजेदार मौजूद रहे।





## घरेलू झगड़े के कारण "महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त की" पुलिस ने पति और ससुर को हिरासत में लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** घरेलू झगड़े के कारण आज एक महिला ने अपनी जान दे दी सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतक के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा' मृतका अपने पीछे डेढ़ साल की बच्ची छोड़ गई है। पुलिस ने मृतका के पति और ससुर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। ईदगाह नई बस्ती निवासी नदीम पुत्र सलीम पंजाब में रहकर बेकरी में काम करता है उसकी पत्नी मुस्कान भी उसी के साथ पंजाब में रह रही थी बताया गया कि दो दिन पहले मियां बीवी दोनों पंजाब से आए लेकिन तभी से दोनों के बीच कहा सुनी चल रही थी आज सुबह भी दोनों में काफी झगड़ा हुआ इस झगड़े को खत्म करने के लिए नदीम की मां जुल्फिकार ठेकेदार के पास पहुंची और उनसे घर चलकर बेटे और बहू के बीच समझौता कराने की गुहार लगाई लेकिन जब तक जुल्फिकार महिला के साथ उसके घर पहुंचे तब तक महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई सीओ अभिनव द्विवेदी और नायब तहसीलदार योगेश चंद शर्मा भी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी की पूछताछ के लिए पुलिस ने नदीम और उसके पिता सलीम को थाने ले जाकर बैठा दिया उसके बाद फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और मौके पर साक्ष्य इकट्ठा किए।

आसपास के लोगों का कहना था की नदीम की शादी करीब ढाई साल पहले मुस्कान के साथ हुई थी उसके एक डेढ़ साल की बच्ची भी है। लेकिन दोनों में किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था इसी झगड़े से बचने के लिए नदीम पंजाब में रहकर काम कर रहा था 2 दिन पहले ही वह घर आया था और तभी से दोनों के बीच कहा सुनी चल रही थी कुछ लोगों का तो यह भी कहना था की मुस्कान के साथ मारपीट भी की गई थी फिलहाल पुलिस ने मृतक के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है मृतक के पति और ससुर से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## नोटिस वाले मतदाता प्रपत्रों संग बीएलओ से ही करा सकेंगे मैपिंग: मतदाताओं के लिए "राहत भरी खबर"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नौ मैपिंग के चलते यदि आपको नोटिस मिला है और संबंधित तारीख पर आप अब तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के समक्ष पेश नहीं हुए हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब आप बीएलओ स्तर से ही मैपिंग करा सकेंगे। इस इसके लिए आपके पास चार जरूरी प्रमाण-पत्रों में से एक प्रपत्र जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, शैक्षणिक प्रमाणपत्र व पासपोर्ट में से कोई प्रपत्र होना चाहिए।बीएलओ सभी कार्रवाई पूरी करके अंतिम संस्तुति के लिए संबंधित ईआरओ या एईआरओ को रिपोर्ट भेज देंगे जिसके बाद मैपिंग की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर नौ मैपिंग नोटिस पर सुनवाई,तार्किक विसंगति नोटिस पर सुनवाई के साथ नए वोट के लिए फार्म-6, शिफ्टिंग और त्रुटियों में सुधार के लिए फार्म सात और आठ पर काम चल रहा है।नौ मैपिंग को लेकर जारी हुए नोटिस के बाद ना पहुंचने वाले मतदाताओं को रिमाइंडर भेजने के साथ वह अनिवार्य रूप से उपस्थित हो, इसके लिए अब संबंधित मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजकर नई तारीख दी जा रही है। जिले में एक लाख 96 हजार नो मैपिंग वाले मतदाता हैं जबकि तार्किक विसंगति (लाजिकल डिसक्रिपेंसी वाले तीन लाख 70 हजार मतदाता हैं। तार्किक विसंगति वाले नोटिस का निस्तारण बीएलओ स्तर से ही किया जा रहा है जबकि नो मैपिंग वाले मतदाताओं को मैपिंग के लिए ईआरओ या एईआरओ के समक्ष संबंधित प्रपत्रों के साथ पेश होना जरूरी थी। सुनवाई के लिए ईआरओ व एईआरओ की ड्यूटी तय की गई जिसके चलते बूथों पर खूब भीड़ हो रही थी। तमाम मतदाताओं को आने-जाने में दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर निर्वाचन आयोग ने राहत दी है। तार्किक विसंगति के नोटिस की तरह नो मैपिंग वाले नोटिस के निस्तारण भी बीएलओ स्तर से कराने की व्यवस्था कर दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने बताया कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं को सहूलियत दी गई है। अब संबंधित बीएलओ स्तर से ही मैपिंग करा सकते हैं। इसके लिए चार जरूरी प्रपत्रों जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर, शैक्षणिक प्रमाणपत्र व पासपोर्ट में से कोई एक प्रपत्र होना अनिवार्य है।

**वार्षिक परीक्षा** | **छह से आठवीं तक लिखित परीक्षा**

# परिषदीय व मान्यता प्राप्त स्कूलों की वार्षिक परीक्षा 16 मार्च से प्रारंभ होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा परिषद ने परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कक्षा एक से आठवीं तक की परीक्षाएं 16 मार्च से 20 मार्च तक पांच दिनों में दो पालियों में होंगी।पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक चलेगी। वार्षिक परीक्षा के लिए माडल प्रश्नपत्र (लिखित और मौखिक) जिला स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) तैयार करेगा और इसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को देगा। इसके बाद बीएसए प्रश्नपत्र का प्रकाशन कराकर विद्यालयों तक पहुंचाएंगे। मूल्यांकन व्यवस्था को कक्षा अनुसार अलग-अलग रखा गया है। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा केवल मौखिक होगी। कक्षा दो से पांचवीं तक लिखित और मौखिक दोनों परीक्षाएं होंगी। इनमें कक्षा दो और तीन में लिखित व मौखिक का भारांक 50-50 प्रतिशत रहेगा,जबकि कक्षा चौथी और पांचवीं में लिखित 70 प्रतिशत और मौखिक 30 प्रतिशत रहेगा। कक्षा छह से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा पूरी तरह लिखित होगी।यह परीक्षा 50 अंकों की होगी और इसमें बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल किए जाएंगे। लिखित परीक्षा की अवधि दो घंटे तय की गई है। वहीं मौखिक परीक्षा की तिथि विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक अपने अनुसार निर्धारित करेंगे। परीक्षा कार्यक्रम और मूल्यांकन से संबंधित दिशा-निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएं विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखी जाएं। साथ ही परिणाम घोषित कर 30 मार्च तक अभिभावकों की उपस्थिति में रिपोर्ट कार्ड विद्यार्थियों को वितरित किए जाएं। खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने आज देर शाम "बुलंद संदेश" को बताया कि ब्लॉक छजलैट में करीब 14223 बच्चे परीक्षा देंगे।

## कांठ तहसील में बुधवार को बोर्ड परीक्षा में 426परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं तहसील क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर बुधवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई ' पहली पारी में हाई स्कूल विज्ञान का पेपर था इसमें 4408 विद्यार्थी पंजीकृत थे 4169 ने परीक्षा दी 239 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे ' दूसरी पारी में इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान एवं समाजशास्त्र का पेपर था ' रसायन विज्ञान में 126 एवं समाजशास्त्र में 61 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ' दोनों पारियों में 426 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ' नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने देर शाम "बुलन्द संदेश" को बताया कि बुधवार को दोनों पारियों में 426 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## फोन न उठाने वाले अधिकारियों को अलर्ट करेगा "कमांड सेंटर"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** अधिकारियों द्वारा विधायकों के फोन न रिसीव करने की समस्या के निदान के लिए बुधवार से संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) की पहल होने जा रही है। गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरूआत की जाएगी। इसके लिए तीनों जिलों में कमांड सेंटर स्थापित कर दिए गए हैं। किसी अधिकारी के फोन न उठने पर विधायक कमांड सेंटर से संपर्क करेंगे और वहां से अधिकारियों को अलर्ट भेजा जाएगा। विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों के सदस्यों की ओर से शिकायत की गई थी कि अधिकारी विधायकों के फोन नहीं उठाते हैं। कांठ तहसील में भी अनेक अधिकारी ऐसे हैं जो जनता का फोन नहीं उठाते हैं उनकी भी सूची बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# तापसी पन्नू का ग्लैमर पर तीखा तंज, बोलीं- बॉलीवुड को क्लीवेज चाहिए और साउथ को नाभि

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने हाल ही में हिंदी और साउथ सिनेमा में महिलाओं के चित्रण पर अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्म इंडस्ट्री में ग्लैमर दिखाने का तरीका अलग-अलग है। तापसी के अनुसार, बॉलीवुड फिल्मों में अक्सर क्लीवेज पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि साउथ की फिल्मों में नाभि को दिखाने पर ज्यादा जोर रहता है। उनके इस बयान ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रति नजरिए को लेकर एक चर्चा शुरू कर दी है।

तापसी ने अब तक तेलुगू तमिल, हिंदी और मलयालम सिनेमा में लंबा सफर तय किया है। पिछले कुछ दिनों से वो अपनी नई फिल्म अस्सी को लेकर चर्चा में हैं। तापसी ने अपने दिल्ली के मध्यम-वर्गीय पालन-पोषण से लेकर फिल्मी सेट के अनुभवों तक कई मुद्दों पर खुलकर बात की।उन्होंने एक ऐसे विषय पर चर्चा की, जिसे अक्सर पर्दे के पीछे ही रखा जाता है।

जब तापसी से पूछा गया कि भोजपुरी और दक्षिण भारतीय सिनेमा के गानों में नाभि पर इतना ध्यान क्यों दिया जाता है तो उन्होंने कहा, मैं खुद भी इसे समझने की कोशिश कर रही हूं। ऐसा नहीं है कि हिंदी सिनेमा के आइटम गानों में इस पर ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन साउथ सिनेमा जितना नहीं। हिंदी सिनेमा में फोकस क्लीवेज पर ज्यादा रहता है। उन्होंने फिल्मी सेटों पर महिला कलाकारों के प्रति इंडस्ट्री के नजरिए पर खुलकर बात की। तापसी बोलीं, साउथ में अक्सर अभिनेत्रियों से पैडेड ब्रा पहनने के लिए कहा जाता है। सबसे बड़ी समस्या है कि निर्देशक सेट पर ये बात आखिर कहे किससे? उन्होंने बताया कि ये बात सीधे नहीं कही जाती, बल्कि एक चेन के जरिए पहुंचती है। निर्देशक से असिस्टेंट डायरेक्टर, फिर स्टाइलिंग टीम, फिर हेयर और वार्डरोब वाली महिलाओं के पास और अंत में हीरोइन तक। तापसी ने वो शर्मिंदगी बयां कर कहा, कल्पना कीजिए कि ये कितना अजीब होता होगा। तापसी ने बताया, आप एक गाना शूट कर रहे हैं, बीच में कोई उठता और चला जाता है। सेट पर मौजूद सबको पता होता है कि क्या हो रहा है। हर कोई देख रहा होता है कि आप लौटें तो क्या अलग दिखेगा। उन्होंने कहा कि महिला कलाकार के लिए ये सिर्फ कपड़े बदलने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक रूप से काफी असहज और अपमानजनक होती है, खासकर जब पूरे सेट को पता हो कि निर्देशक क्या बदलाव चाहता है। बता दें कि बॉलीवुड में अपनी धाक जमाने से पहले तापसी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी-मानी अभिनेत्री बन चुकी थीं। उनके करियर की नींव किसी छोटे-मोटे रोल से नहीं, बल्कि एक बड़ी शुरूआत से पड़ी थी। उन्होंने साल 2010 में तेलुगू फिल्म झुम्मंडी नादम से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इस म्यूजिकल ड्रामा में वो मशहूर अभिनेता मनोज मांचू के साथ नजर आई थीं। उन्होंने कई सालों तक तेलुगू, तमिल और मलयालम फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभाईं।

# दो दीवाने सहर में की तीसरे दिन डूबी नैया, तापसी पन्नू की अस्सी भी रही बेदम

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म दो दीवाने सहर में ने बॉक्स ऑफिस पर 3 दिन पूरे कर लिए हैं। पहले दिन बेहद निराशाजनक ओपनिंग करने वाली इस फिल्म को तीसरे दिन भी अपना हुनर दिखाने का मौका नहीं मिल सका। यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में नाकामयाब रही। तापसी पन्नू की अस्सी का हाल भी बुरा रहा है, जबकि 13 फरवरी को रिलीज ओ रोमियो कमाई के मामले में दोनों फिल्मों पर भारी पड़ी है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो दीवाने सहर में को पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये से शुरूआत मिली थी। हैरानी की बात यह है कि दूसरे दिन, यानी शनिवार को इसने 1.5 करोड़ कमाए थे, जबकि तीसरे दिन रविवार को कमाई कुल 1.31 करोड़ रुपये हुई है। इन 3 दिनों के अंदर फिल्म ने कुल 4.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जो बेहद निराशाजनक है।





अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित अस्सी को समीक्षकों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन कमाई के मामले में यह चूक गई। पहले दिन 1 करोड़ से खाता खोलने के बाद दूसरे दिन इसने 1.6 करोड़ कमाए, जबकि तीसरे दिन 1.37 करोड़ कमाए हैं। इसके बाद फिल्म की कुल कमाई 3.97 करोड़ रुपये हुई है। दूसरी ओर, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 10वें दिन 3.25 करोड़ कमाते हुए दोनों फिल्मों पर भारी पड़ी है। इसका कुल कलेक्शन 55.90 करोड़ हो गया है।

# तृप्ति डिमरी को इन फिल्मों ने दिलाई शोहरत, एक तो कमाई में 500 करोड़ के पार

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अब किसी पहचान की मोहताज नहीं रही हैं। अपने करियर में उन्होंने सार्थक और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को निभाकर भारतीय सिनेमा में प्रभावशाली अदाकारा के रूप में खास पहचान बना ली है। रोमांटिक-ड्रामा और साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्मों के जरिए तृप्ति ने हमेशा अपने फैंस का दिल जीता। हालिया रिलीज शाहिद कपूर की ओ रोमियो में अभिनेत्री के अभिनय की तारीफ हो रही है। तृप्ति ने पहली बार 2018 में फिल्म लैला-मजनू से चचाएं बटोरी थीं। अविनाश तिवारी के साथ उनकी जोड़ी को न सिर्फ सराहा



गया था, बल्कि उनके भावपूर्ण और गहन अभिनय की समीक्षकों ने खूब तारीफ भी की थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास साबित नहीं हुई, लेकिन बाद में इसे कल्ट फिल्म का दर्जा मिला था। नेटफ्लिक्स पर रिलीज बुलबुल साइकोलॉजिकल-थ्रिलर फिल्म है जिसमें तृप्ति के शानदार अभिनय की खूब सराहना हुई थी। उन्हें फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कार मिला था।

बाबिल खान के साथ उनकी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर आई एक क्लासिकल-म्यूजिक फिल्म थी। मां-बेटी के जटिल रिश्ते पर आधारित इस फिल्म में उनका चुनौतीपूर्ण किरदार काबिल-ए-तारीफ था। फिल्म के गाने भी बेहद लोकप्रिय हुए। हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइजी भूल भुलैया 3 का हिस्सा तृप्ति रहीं जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में थे। फिल्म में अभिनेत्री ने दोहरी भूमिका निभाई थी। जहां वर्तमान में वह राजकुमारी मीरा के किरदार में दिखीं, तो वहीं अतीत में वह राजकुमारी मधुलिका थीं।

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल में तृप्ति ने छोटी, लेकिन प्रभावशाली भूमिका निभाई थी। सीमित स्क्रीन टाइम के बावजूद, उनकी उपस्थिति ने खूब चर्चा बटोरी थी। उनका किरदार सिनेमा में उनकी प्रतिष्ठा और फैंस की तादात को बढ़ाने में कारगर साबित रहा था। 2023 में रिलीज यह उस साल की सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई जिसने भारत में 500 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया। तृप्ति को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर नामांकन भी मिला था।

# आम से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट व्यंजन, एक बार जरूर आजमाएं

गर्मियों का मौसम न केवल आम के लिए बल्कि कई फलों के लिए भी उपयुक्त माना जाता है। इनमें से आम सबसे लोकप्रिय फल है। आम से कई तरह के व्यंजन बनाए जा सकते हैं, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकते हैं। आइए आज हम आपको आम से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप सालभर स्टोर करके रख सकते हैं और जब मन करे खा सकते हैं।



### आम की लौंजी

लौंजी एक पारंपरिक बंगाली व्यंजन है, जिसे आम से बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें, फिर एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें और उसमें सरसों के बीज, मेथी के बीज और सूखी लाल मिर्च डालें। अब इसमें कटे हुए आम के टुकड़े डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि वह नरम न हो जाएं। अंत में इसमें गुड़, नमक और हल्दी पाउडर मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें।

### आम का अचार

अगर आप अचार के शौकीन हैं तो आप आम से भी अचार बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कच्चे आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर उसमें सरसों का तेल, सरसों के बीज, मेथी के बीज, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण को धूप में कुछ दिनों तक रखें ताकि मसाले अच्छे से मिल जाएं। आपका आम का अचार तैयार है, जिसे आप लंबे समय तक स्टोर कर सकते हैं।

### आम का खीर

खीर दक्षिण भारत की एक प्रसिद्ध मिठाई है, जिसे आप आम से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले चावल को पानी में भिगोकर उसे पीस लें, फिर दूध उबालें और उसमें पीसे हुए चावल डालें। अब इसमें चीनी, इलायची पाउडर और कटे हुए सूखे मेवे मिलाएं। अंत में इसमें पके हुए आम का गूदा मिलाएं और इसे कुछ देर पकने दें ताकि सभी सामग्री अच्छे से मिल जाएं। आपकी आम की खीर तैयार है।

### आम की चटनी

चटनी किसी भी भोजन का स्वाद बढ़ाने में मदद करती है, ऐसे में आम की चटनी क्यों नहीं बनाई जा सकती? इसके लिए सबसे पहले आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर एक पैन में सरसों का तेल गर्म करें और उसमें जीरा भूनें। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और भूनें। इसके बाद इसमें कटे हुए आम के टुकड़े डालें और नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। अंत में इसमें गुड़ मिलाकर इसे ठंडा करें।

### आम की कुल्फी

गर्मियों में ठंडक पाने के लिए कुल्फी सबसे अच्छा विकल्प है। इसके लिए सबसे पहले दूध उबालें और उसमें चीनी मिलाएं। अब इसमें आम का गूदा मिलाएं और इसे ठंडा होने दें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो उसे कुल्फी मोल्ड्स में भरें और फ्रीजर में जमने दें। आपकी आम की कुल्फी तैयार हो जाएगी। इन सभी व्यंजनों को बनाना आसान है और ये सभी स्वादिष्ट भी हैं।

# हर महिला के पास होने चाहिए उलटने वाले शॉल, देते हैं बेहद स्टाइलिश लुक

फैशन की दुनिया में आए दिन नए-नए चलन आते रहते हैं। इनमें से कुछ लंबे समय तक चलते हैं, जबकि कुछ जल्दी गायब हो जाते हैं। उलटने वाले शॉल एक ऐसा नया चलन है, जो न केवल फैशनेबल है, बल्कि बहुत ही आरामदायक भी है। यह ट्रेंड आने वाले कई सालों तक महिलाओं के फैशन में देखने को मिलेगा। आज के फैशन टिप्स में हम उलटने वाले शॉल के बारे में जानेंगे और इसे स्टाइल करने के तरीके भी समझेंगे।



### क्या है उलटने वाला शॉल?

उलटने वाले शॉल एक नए प्रकार के शॉल होते है, जिन्हें दोनों तरफ से पहना जा सकता है। इसका मतलब है कि आप इस एक ही शॉल को 2 अलग-अलग तरीकों से पहन सकते हैं। इससे न केवल आपकी अलमारी में जगह बचती है, बल्कि आप एक ही शॉल से अलग-अलग लुक भी पा सकती हैं। ये शॉल कई रंगों और डिजाइन में उपलब्ध रहते हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकते हैं।

### क्यों प्रसिद्ध हो रहे हैं ये शॉल?

उलटने वाले शॉल कई कारणों से लोकप्रिय होते जा रहे हैं। सबसे पहला कारण यह है कि ये बहुत ही आरामदायक होते हैं। ठंडे मौसम में इनका उपयोग करना आपको गर्माहट दे सकता है। दूसरा कारण यह है कि इनका डिजाइन बहुत ही आकर्षक होता है, जो आपके पूरे लुक को खास बना सकता है। तीसरा कारण यह है कि इन्हें दोनों तरफ से पहना जा सकता है, जिससे आप एक ही शॉल को कई बार इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कैसे करें स्टाइल?

उलटने वाले शॉल को स्टाइल करना बहुत ही आसान है। आप इसे साड़ी या सलवार-कमीज जैसी किसी भी पारंपरिक पोशाक के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप इसे जींस और टी-शर्ट के साथ भी पहन सकती हैं, जिससे आपका रोजमर्रा का लुक भी खास लगेगा। अगर आप किसी पार्टी में जा रही हैं तो इसे लहंगा या अनारकली सूट के साथ भी पहना जा सकता है। पुरुष भी इसे पारंपरिक कपड़ों के साथ पहन सकते हैं।

### कहां से खरीदें?

उलटने वाले शॉल अब बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। आप इन्हें ऑनलाइन खरीद सकती हैं या किसी स्थानीय बाजार से भी ले सकती हैं। जब आप इन्हें खरीदें तो इनके कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें, ताकि ये लंबे समय तक टिक सकें। इसके अलावा रंग और डिजाइन का चयन करते समय अपनी पसंद और जरूरतों का ध्यान रखें, ताकि आप सही चुनाव कर सकें। दाम का भी ख्याल रखें और अपने बजट के मुताबिक इसे खरीदें।

### कैसे करें देखभाल?

उलटने वाले शॉल की देखभाल करना बहुत आसान होता है। इन्हें धोते समय हल्के साबुन उपयोग करें और धूप में सुखाने से पहले इन्हें पलटकर टांगें, ताकि दोनों तरफ की सफाई हो सके। इस प्रकार उलटने वाला शॉल न केवल आरामदायक, बल्कि स्टाइलिश भी है। इसे अपनी अलमारी में शामिल करके आप हर मौके पर अलग-अलग लुक पा सकती हैं। चाहे वह कोई त्योहार हो या कोई पार्टी, इस शॉल के साथ आप हमेशा खास दिखेंगी।

# ब्रजघाट गंगा किनारे पीसीएस अधिकारी का हार्ट अटैक से निधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** बुधवार की सुबह ब्रजघाट गंगा किनारे अलीगढ़ निवासी 52 वर्षीय पीसीएस अधिकारी की गंगा किनारे खड़ी नाव में बैठे-बैठे अचानक तबीयत बिगडने से मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में चिकित्सकों ने हार्ट अटैक को मृत्यु का कारण बताया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

### मृतक उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर में तैनात थे

मिली जानकारी के अनुसार बच्चू सिंह वर्तमान में जनपद रामपुर में संयुक्त निदेशक,मुद्रक एवं लेखन सामग्री विभाग के पद पर तैनात थे। वे उत्तर प्रदेश प्रांतीय सिविल सेवा के वरिष्ठ अधिकारी थे । परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार की सुबह बच्चू सिंह गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के उद्देश्य से ब्रजघाट पहुंचे थे। स्नान के बाद वह गंगा किनारे खड़ी एक नाव में बैठकर कुछ देर विश्राम कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक उनकी तबीयत बिगडने लगी और देखते ही देखते वह अचेत होकर नाव में ही गिर पड़े। नाविकों और आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने तुरंत उन्हें संभालने की कोशिश की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार,प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत की आशंका है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीसीएस अधिकारी बच्चू सिंह के निधन की सूचना मिलते ही अलीगढ़ स्थित उनके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासनिक अधिकारियों और उनके परिचितों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।



गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# केएन मोदी विश्वविद्यालय और ग्रैप सिटी इंडिया के बीच एमओयू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय और ग्रैप सिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग को लेकर समझौता प्रपत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति पीएन ऋषीकेशा तथा कंपनी की वाइस प्रेसिडेंट नाने आओकी ने हस्ताक्षर किए।

विश्वविद्यालय के कुलपति पीएन ऋषीकेशा के मुताबिक इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रशिक्षण तथा हैंड्स-ऑन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के माध्यम से तकनीकी दक्षता प्रदान करना है, ताकि उन्हें शैक्षणिक और व्यावसायिक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके। ग्रैप सिटी एक बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी है, जिसकी स्थापना 1980 में जापान में हुई थी और 1996 से भारत में सक्रिय है। कंपनी डेवलपर टूल्स, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेवाएं, एजुकेशन सॉल्यूशंस और स्कूल मैनेजमेंट सिस्टम सहित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर कंपनी और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। दोनों पक्षों ने सहयोग को शोध, नवाचार, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के क्षेत्र में विस्तार देने पर सहमति जताई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों के करियर उन्नयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।



# छात्राओं को वितरित किए निःशुल्क सेनेटरी पैड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** नारी शक्ति वूमन एम्पायर संस्था की ओर से स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल अमीपुर बडायला में छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उनके स्वास्थ्य संबंधी संकोच को दूर करना रहा। विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ के सहयोग से सैकड़ों छात्राओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई।संस्था की अध्यक्ष शोभा चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि माहवारी स्वच्छता केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और शिक्षा से सीधे जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव और संसाधनों की कमी के कारण अनेक छात्राएं संक्रमण और मानसिक तनाव का शिकार हो जाती हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल स्वच्छता की समझ विकसित करते हैं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास को भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने समाज से इस विषय पर खुलकर संवाद स्थापित करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या संजू दीक्षित सहित नीलम रुहेला, नम्रता शर्मा, निधि शर्मा, एकता, प्रियंका, सपना उपाध्याय, सना, इंदु, स्तुति और अनुशिका उपस्थित रहीं।




# उत्तर प्रदेश में नौ साल से दंगा नहीं हुआ, इसलिए अखिलेश यादव परेशान : ओपी राजभर

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि योगी सरकार में बीते 9 साल में कोई दंगा नहीं हुआ। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज है और विकास हो रहा है। इस बात से पूर्व सीएम अखिलेश यादव परेशान हैं। मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव को यह लग रहा है कि अब उनका क्या होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में सिर्फ उनकी जाति के लोग ही उनके साथ रह जाएंगे, मुसलमान भी उनसे अपना पीछा छुड़ा लेंगे। लखनऊ में यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि राज्य में मेट्रो का काम चल रहा है और विकास तेजी से हो रहा है। एक्सप्रेसवे बन रहे हैं और दंगे पर रोक लगी है। पिछले नौ साल में कोई दंगा नहीं हुआ, इसलिए उन्हें चिंता है कि अब उनका क्या होगा। सीएम योगी और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछड़े और दलित समुदायों को ऊपर उठाने और तरक्की की ओर ले जाया जा रहा है। अखिलेश यादव इसी बात से परेशान हैं।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए ओपी राजभर ने कहा कि 1990 में जब समाजवादी पार्टी सत्ता में थी, तो उसी पार्टी के लोगों ने उनके साथ बहुत बुरा बर्ताव किया था। अखिलेश यादव शायद यह भूल गए हैं। उन्हें इतिहास देखना चाहिए, तब उन्हें समझ आएगा कि क्या किया गया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य को स्नान करने से पुलिस ने रोक दिया। शंकराचार्य के साथ यह अपमान तब हुआ, जब भगवाधारी हमारे मुख्यमंत्री हैं। सच्चे संतों का अपमान करके भाजपा ने फिर साबित कर दिया है वह किसी की भी सगी नहीं है। भाजपा की ये पुरानी 'कु-कार्यशैली' है कि जो भी भाजपाइयों के जुल्म, ज्यादती और जुर्म के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे भाजपाई झूठे आरोपों से धमकाने, दबाने, मिटाने की साजिश करते हैं।

# होली पर त्वचा-बालों की सुरक्षा बेहद जरूरी : डॉ ऋषि शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मार्च के प्रथम सप्ताह में होली है और होली के पर्व पर रंगों और रंग मिले पानी के उपयोग से त्वचा एवं बालों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं। इस संबंध में बात करने पर डॉ केएन मोदी कॉम्प्लेक्स स्थित डीवी मेमोरियल स्किन, हेयर एंड लेजर सेंटर के संचालक डॉ ऋषि शर्मा ने दैनिक बुलंद संदेश के साथ यह जानकारी साझा की। डॉ ऋषि शर्मा ने बताया कि कृत्रिम और रासायनिक रंगों में मौजूद हानिकारक तत्व एलर्जी, खुजली, रैशेज, फंगल संक्रमण, आंखों में जलन और बालों के झड़ने जैसी समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। डॉ ऋषि शर्मा के अनुसार बाजार में बिकने वाले कई सस्ते रंगों में भारी धातुएं और औद्योगिक रसायन मिलाए जाते हैं, जो त्वचा की ऊपरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने सलाह दी कि होली खेलने से पहले त्वचा पर नारियल या सरसों का तेल हल्के हाथ से अवश्य लगा लें। ताकि रंग सीधे त्वचा के संपर्क में न आए। बालों में भी अच्छी तरह तेल लगाकर उन्हें बांध लेना चाहिए, जिससे रंग कम चिपके और बाल सुरक्षित रहें। डॉ ऋषि शर्मा ने कहा कि यथासंभव हर्बल या प्राकृतिक गुलाल का ही प्रयोग करें। किसी के चेहरे, आंखों और मुंह पर जबरन रंग न लगाएं तथा गंदे या रासायनिक मिश्रित पानी से परहेज करें। रंग खेलने के बाद त्वचा को रगड़कर साफ करने के बजाय माइल्ड क्लींजर और गुनगुने पानी का उपयोग करें। यदि त्वचा पर तेज जलन, सूजन या दाने उभरें तो स्वयं उपचार करने के बजाय विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। डॉ ऋषि शर्मा ने ने स्पष्ट किया कि सावधानी, संयम और प्राकृतिक रंगों के प्रयोग से ही होली सुरक्षित और आनंददायक बन सकती है।


डॉ ऋषि शर्मा

## थाना गुलावठी में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी ।** थाना परिसर में आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं व्यापारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर कोतवाल शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाए जाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार प्रेम और एकता का संदेश देते हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने यह भी बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे तथा क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचने की भी अपील की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।



# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील में किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले बुधवार को तहसील परिसर में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं ने भागीदारी की। धरने पर मौजूद वक्ताओं ने दाखिल-खारिज प्रकरण, सीकरी और तिबड़ा फाटक की सुरक्षा, देहात क्षेत्र की जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, मोदीनगर में ट्रामा सेंटर की स्थापना तथा महामाया मंदिर मेले की व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए। और प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े किए। मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि बागपत लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान से दूरभाष पर वार्ता के उपरांत अपराह्न लगभग तीन बजे एसडीएम अजीत सिंह धरना स्थल आये और पदाधिकारियों से वार्ता की। दाखिल-खारिज प्रकरण पर 15 दिन में तथ्यात्मक जांच का आश्वासन दिया गया। सीकरी व तिबड़ा फाटक पर रेलवे सर्वे कराए जाने तथा एक मार्च से दोनों फाटकों पर दो-दो पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानकारी दी गई। देहात क्षेत्र की जर्जर सड़कों पर एक माह के भीतर कार्य प्रारंभ कराने और मोदीनगर में ट्रामा सेंटर स्थापित करने का आश्वासन भी दिया गया। प्रशासनिक आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया गया। धरने की अध्यक्षता प्रिंसिपल रामदत्त शर्मा ने की, जबकि संचालन तिलक राज अधाना ने किया। इस अवसर पर नीरज प्रजापति, कालू चेयरमैन, राहुल प्रधान, गुलाब सिंह, सुरेश शर्मा, चमन सिंह, बीरसिंह, राज वर्मा, अधिवक्ता धीरज शर्मा आदि के अतिरिक्त ग्रामीण मौजूद थे।



# कानपुर में छात्र की मौत के बाद पीएसआईटी कॉलेज में जमकर बवाल,लाठीचार्ज में कई छात्र घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** कल मंगलवार जेसीबी से टकराकर हुई छात्र की मौत के मामले में प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उत्तेजित छात्रों ने आज बुधवार को पनकी स्थित पीएसआईटी कॉलेज में बवाल के साथ जमकर तोड़फोड़ भी की। इस बीच पुलिस ने भी जमकर लाठीचार्ज किया ,जिसमें कई छात्र घायल भी हो गए। यहां हालातों पर मुश्किल से नियंत्रण के बाद तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया।

साथी छात्र की मौत से आक्रोशित हजारों छात्रों ने पहले कैंपस में शांति मार्च निकाला, जिसके बाद देखते ही देखते उनका प्रदर्शन उग्र हो गया। इस बीच गुस्साए छात्रों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने कैंपस के शीशे तोड़ दिए, गमले फेंक दिए और फर्नीचर को भी तहस नहस कर डाला।जिसकी सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जब छात्र समझाने के बाद भी नहीं माने तो उसने छात्रों पर लाठी चार्ज कर दिया ,जिसमें कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। छात्रों ने इस दौरान यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। जिसकी वजह से ही रतनलाल नगर निवासी बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र प्रखर सिंह असमय ही मौत का शिकार हो गया। छात्रों ने मांग उठाई है कि सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक, जब कक्षाएं संचालित होती हैं।

उस दौरान किसी भी तरह का निर्माण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। इस हंगामे के दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वहीं इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और कई घंटे की संघर्ष के बादछात्रों को शांत करने में सफलता प्राप्त की लेकिनतनाव लगातार बरकरार है ,जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि तोड़फोड़ करने वाले छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके भी कार्रवाई की जाएगी।

# विद्योत्तमा फाउंडेशन नासिक दिल्ली शाखा द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** द्वारका नई दिल्ली में विद्योत्तमा फाउंडेशन,नासिक के संस्थापक श्री सुबोध कुमार मिश्र के आगमन पर विद्योतमा फाउंडेशन दिल्ली शाखा ने एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी

### तीन कृतियों का हुआ विमोचन

आयोजन में तीन कृतियों का लोकार्पण भी हुआ।सरोजिनी तन्हा की पुस्तक कृष्णम वंदे जगद्गुरुम, दीपमाला माहेश्वरी की कृति सुनहरे पंख तथा सत्यदेव तिवारी की पुस्तक श्री राम नाम रामायण का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीमा मंजरी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इस सुन्दर काव्य गोष्ठी का प्रभावपूर्ण संचालन डॉ. वर्षा सिंह द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार कैन की सक्रिय उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

काव्य गोष्ठी में कवियों ने विभिन्न विषयों—प्रभु-भक्ति, देशभक्ति, श्रृंगार, सामाजिक चेतना और मानवीय संवेदना से ओतप्रोत रचनाएँ प्रस्तुत कीं।

सुबोध कुमार मिश्र ने "नई कोंपलें फूटेगी जब-जब, यह जीवन बसंती हो जाएगा जाएगा; सरोजिनी तनहा ने "नजर आते हैं यूँ तो ज़िन्दगी के सारे रंग इसमें, मगर रंगे अदावत में इसे जोड़ा नहीं जाता";पुष्पा सिंह ने "शहीदों की शहादत पे रखी जो हमने आजादी की नींव,उनके देखे सपनों का आज भारत कहाँ है"? प्रदीप मिश्र "अजनबी" ने यदि मस्तिष्क सतर्क रहेगा, निश्चित घर ले जायेगा,किन्तु यंत्र जो फीड हुआ हो, उतना भर ले जायेगा। वर्षा सिंह ने"रंग प्यार का गहरा,बीत गई होली,पर रंग नहीं उतरा" सीमा मंजरी ने "पथ निहारत, डगर बुहारत बीती सुबह शाम,दर्शन दोगे कब तुम शबरी को राम"; किरण मिश्रा कौशिक ने" जाति क्यों नहीं जाती,काँप उठा है हृदय धरा का,सुनकर पीड़ बेचारों की, हाय यह कैसी दयनीय दशा है,घृणित प्रथा के मारों की;दीपमाला माहेश्वरी ने"तन से सुन्दर स्त्री आकर्षण का केन्द्र बन जाए,नैनों को लुभाए,सबका हृदय रिझाए;पर मन की सुन्दरता जाने कौन-सोचो, क्या है जरूरी उसके प्रति दृष्टि या दृष्टिकोण'?, मनोज कुमार कैन ने "आजकल मचान पर नहीं बैठते हंस, बैठते हैं कौवे,करते हैं बार-बार कांव-कांव" आदि कविताओं का पाठ किया।



यह आयोजन साहित्य, सम्मान और सौहार्द का सुंदर संगम सिद्ध हुआ।

## सौंपा ज्ञापन — एसडीएम ने नाम तहसीलदार को निवर्तमान सभासद ने सौंपा ज्ञापन

# जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया सरल व पारदर्शी बनाने की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर पालिका परिषद में जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में आम नागरिकों को हो रही असुविधाओं की ओर ध्यानार्थ रखते हुए बुधवार को निवर्तमान सभासद नरेश कुमार भाटी ने सदर एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया सरल व पारदर्शी बनाने की मांग की। एसडीएम के नाम ज्ञापन में निवर्तमान सभासद नरेश भाटी ने कहा कि नगर क्षेत्र के नागरिकों को आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनके समय एवं धन की अनावश्यक हानि हो रही है। साथ ही कई मामलों में कार्य में अनावश्यक विलंब की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं,ताकि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाई जा सके।

# सरकार ख्वाजा गरीब नवाज की छठी शरीफ के मौके पर रोजा इफ़्तार हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कोटा।** विज्ञान नगर के छत्रपुरा तालाब में स्थित मदरसा उरूजुल बनत में रमजान महीने के मुबारक मौके पर सरकार ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती गरीब नवाज अजमेरी की छठी शरीफ मनाई गई और सैकड़ों रोजदारों को रोजा इफ़्तार कराया गया, मदरसा व्यवस्थापक हाजी मुफ्ती शमीम अशरफ की सरपरस्ती में यह कार्यक्रम हुआ, इस अवसर पर मुफ्ती शमीम अशरफ ने रोजदारों को खिताब करते हुए कहा कि रमजान पवित्र महीना है इस महीने में मुसलमान रोजा रखकर खुदा की इबादत में मशगूल होकर अपने सब्र का इम्तिहान देता है, ताकी हमे भूख प्यास का एहसास हो जाए, हाजी इशहाक मंसूरी, हाजी अख्लाक, मुख्तार अहमद खान, मुन्ना काजी, मौलाना अजहर अशरफी, मौलाना ईमाम केसर, हाजी रूहूल अमीन, कारी अमानुल मुस्तफा, आदि सैकड़ों रोजदारों ने शिरकत कर इफ़्तार किया और मुल्क में अमन खुशहाली की दुआएं की।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267